तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


सिम्स चौक पर यातायात विभाग द्वारा सड़क पर खड़े किए जाने वाले वाहनों को लॉक कर दिया गया।

# शहर के अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में डूबे, निगम में चल रहा टेंडर का खेल

- निगम ने नए सिरे से 5 करोड़ 48 लाख 27 हजार रुपए का नया टेंडर जारी किया
- 14 हजार 500 स्ट्रीट लाइट तो 750 खंभे लगाए जाने हैं, सवा करोड़ की उपकरण खरीदी भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम में कमशीनखोरी और भ्रष्टाचार के नित नए तरीके खोज लिए जाते हैं। अब शहर में लगाए जाने वाले 14 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइटों को ही ले लीजिए। अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में डूबे हुए हैं और निगम टेंडर टेंडर खेलने में लगा है। स्ट्रीट लाइटों के सुधार के लिए जहां निगम ने साढ़े पांच करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था तो इस टेंडर में तकनीकि त्रुटि और निगम को हो रहे वित्तीय नुकसान के बाद रद्द पार्षदों ने ही रद्द करा दिया। इसके बाद निगम ने 5 करोड़ 48 लाख 27 हजार रुपए का नया टेंडर जारी किया है जो कि दो बार निरस्त हो चुका है अब तीसरी बार फिर से निविदा



जारी की जा रही है। यही नहीं इसी स्ट्रीट लाइट के लिए निगम ने करीब एक करोड़ 10 लाख रुपए का अलग से प्रस्ताव बनाया जाना है जो कि खराब उपकरणों की सप्लाई के लिए है। जाहिर है दो टेंडर होंगे, दो बजट आएगा तो कमीशनखोरी भी डबल ही होगी। ज्ञात हो कि दिन ढलते ही निगम क्षेत्र की कई सड़कें अंधेरे में डूब जा रही हैं। यह स्थिति ज्यादातर उन क्षेत्रों में हैं जो निगम में शामिल हुईं हैं। 15 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइट खराब हुई तो इसे सुधारने के लिए निगम ने साढ़े पांच करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया। पार्षदों ने भी मांग की कि शहर के विभिन्न स्थानो में स्थापित पोल खराब स्थिति में आ गए है तथा कई स्थानो में स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य की जरूरत है।

### गुणवत्ता महत्वपूर्ण

काम की गुणवत्ता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। आपत्ति के बाद स्ट्रीट लाइट लगाने का साढ़े पांच करोड़ का टेंडर निरस्त करते हुए रिटेंडर किया गया है। स्ट्रीट लाइटों में लगे जो सामान खराब हो गए हैं उनकी मरम्मत और मेंटेनेंस के लिए करीब एक करोड़ रुपए का प्रस्ताव एमआईसी में रखते हुए पास किया गया है।

- पूजा विधानी
महापौर

### जांजगीर की कंपनी को मिला था काम

मेसर्स उदय श्री ग्रुप जे.वी जांजगीर ने 2.3 प्रतिशत बिलो रेट भरा और कम दर के हिसाब से टेंडर इस कंपनी को मिल भी गया। इससे पहले की कंपनी को वर्क आर्डर जारी होता इसका विरोध होना शुरू हो गया। पार्षदों ने कहा कि दूसरे काम बिलासपुर नगर निगम में ही 28 से 30 प्रतिशत बिलो रेट पर हो रहे हैं। अधिकारियों ने लेकिन मिलीभगत करते हुए जांजगीर की ठेका कंपनी को 2 प्रतिशत बिलो रेट पर काम दे दिया है। इससे निगम को करीब सवा करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। 20 से 22 प्रतिशत बिलो रेट पर टेंडर किए जाने से निगम को इस राशि की बचत होगी। दो बार के टेंडर निरस्त हो चुके हैं।

### मेंटेनेंस कर रही ईईएसएल का ठेका समाप्त

स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस कर रही ईईएसएल का ठेका अब समाप्त चुका है। अब स्ट्रीट लाइटों के रिपेयरिंग की पूरी जिम्मेदारी निगम की है। निगम ने अपने बिजली विभाग के 15 कर्मचारियों को कंपनी के इसी काम में तैनात कर रखा था। ध्यान रहे कि नगर निगम के दायरे में 34 हजार 330 स्ट्रीट लाइटें हैं। इसमें 28 हजार 563 ईईएसएल और 5767 स्ट्रीट लाइटें निगम की लगवाई हुईं हैं। ईईएसएल का ठेका समाप्त होने के बाद संचालनालय ने निगम से ईईएसएल द्वारा लगाई गई लाइटों की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी है। इसमें कितनी लाइटें चालू, कितनी बंद या कितनी में तकनीकी खराबी है, इसकी जानकारी मांगी गई है। बताया जा रहा है लाइटों की स्थिति के आधार पर ही बकाया राशि का भुगतान ठेका कंपनी को किया जाएगा।

### बिजली व्यवस्था पर हाईकोर्ट की नाराजगी

स्ट्रीट लाइट खराब होने के साथ ही शहर की चौपट बिजली व्यवस्था पर हाईकोर्ट भी नाराज हो चुका है। निगम आयुक्त की ओर से लिखित शपथपत्र प्रस्तुत कर बताया गया है कि पूरे शहर में बिजली व्यवस्था को ठीक करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसके लिए अलग अलग दल अपना काम करने में जुटे हैं। जिस जगह पर लाइट खराब है उसे सुधारा या बदला जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरु



बिलासपुर। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहण और मुख्य समारोह का आयोजन स्थानीय पुलिस ग्राउंड में किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन के साथ नगर निगम, पुलिस प्रशासन, स्काउट एंड गाइड सहित अन्य विभागों की तैयारियां शुरु कर दी गई है। प्रतिदिन सुबह यहां मार्च पास्ट की प्रैक्टिस पुलिस जवान कर रहे हैं, जिसमें स्काउट एंड गाइड और एनसीसी के बच्चे भी हिस्सा ले रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के लिए टेंट व अन्य कार्य किए जा रहे हैं।

### आरडीएसएस योजना में गड़बड़ी, एई चौबे निलंबित

बिलासपुर। आरडीएसएस योजना में गड़बड़ी सामने आने के बाद अधिकारियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। बुधवार को प्रोजेक्ट के एई प्रमोद चौबे को निलंबित कर दिया गया है। वहीं नए मुख्य अभियंता परियोजना द्वारा शहर पहुंच कर स्टोर का निरीक्षण किया गया हैं। इस मामले में इससे पहले खमतराई के जेई राकेश राठौर का तबादला गोड़खाम्ही कर दिया गया था। काम में गुणवत्ता में कमी और लापरवाही के कारण करवाई की गई है। दरअसल आरडीएसएस योजना के तहत बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा और जांजगीर-चांपा और जीपीएम में 3 साल से काम किया गया है जिसका ठेका पुणे की कंपनी एसटी इलेक्ट्रिकल्स को दिया गया है। संभाग के पाँच जिलों में 283 करोड़ रुपए का काम चल रहा किया जाना है लेकिन कंपनी अभी तक 50 फीसदी काम भी पूरा नहीं कर पाई है। हाल ही में ठेका कंपनी द्वारा सप्लाई किए गए मटेरियल की जांच रायपुर के अधिकारियों और ईडी द्वारा स्थानीय स्तर के अफसरों से भी करवाई जा रही है।

### जलपरी का आइलैंड जर्जर, मरम्मत नहीं



बिलासपुर। इंदु चौक पर जलपरी का आईलैंड जर्जर हो गया है। शहर को स्मार्ट बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद चौक चौराहों का जीर्णोद्धार भी किया गया था। इसके तहत राजीव गांधी चौक के आगे इंदु चौक पर जलपरी का आईलैंड भी बनाया गया था, जिसमें लाखों रुपए का खर्च निगम प्रशासन ने किया था।



### बैगा रिसार्ट में आदिवासी चित्रकारी

बिलासपुर। अचानकमार टाइगर रिजर्व के शिवतराई स्थित बैगा रिसार्ट के कमरे एवं बाहरी दीवारों को खास चित्रकारी कर सजाया गया है। जबलपुर से कुछ कलाकारों ने एटीआर में आकर आदिवासी चित्रकला के जरिए वन और वन्यजीवों की आकर्षक पेंटिंग कर एक नया स्वरूप प्रदान किया गया है, जो यहां पहुंचनें वाले सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं।

इस रिसोर्ट को और आकर्षक एवं नया स्वरूप प्रदान करने के लिए वर्ष 2024 में पहल की गई थी। रिसार्ट चारों तरफ पक्की बाउंड्रीवाल से घिरा हुआ है। इस बाउंड्रीवाल को पहले भी वन्यप्राणियों की पेंटिंग से सजाई गई थी, जिसकी चमक खत्म हो गई और कुछ पेंटिंग मिट गई थी। इसे दोबारा आकर्षण ढंग से सजाने के लिए जगदलपुर से विशेष तौर पर बुलाया गया था, जिन्होंने बस्तर आर्ट से वन्यप्राणियों की शानदार पेंटिंग बनाई है। प्रबंधन के अनुसार बारिश के मौसम में सैलानियों के लिए एटीआर को बंद कर दिया गया है, जिसे एक नवंबर से ओपन किया जाएगा।

परियोजना लटकने की आशंका

## बायोकैमेस्ट्री विभाग के प्रोफेसर ने छोड़ा सिम्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- सिम्स में नहीं थम रही है डाक्टरों की विदाई।
- पिछले 6 माह में 11 डाक्टरों ने छोड़ा सिम्स

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान व बायोकेमेस्ट्री विभाग के एचओडी प्रोफेसर डॉ. प्रशांत निगम कार्यमुक्त हो गए हैं। एमपी में शासकीय मेडिकल कॉलेज में नियमित फैकल्टी बनने के बाद डॉ. निगम ने सिम्स को छोड़ दिया है। ज्ञात हो कि डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करने में डाक्टर ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। खास बात यह है कि पिछले 6 माह में 11 डाक्टरों ने सिम्स से विदाई ले ली है।

सिम्स में चल रहे सीएसआईआर मिशन मोड प्रोजेक्ट को एक बार फिर से झटका लगा है। डॉ निगम के नेतृत्व में सिकल सेल रो से ग्रसित सैकड़ों मरीजों की जांच और जेनेटिक लैब की कई परियोजना बंद होने के आसार है। दरअसल यह लैब जटिल आनुवंशिक बीमारियों की पहचान एवं निदान के लिए मील का पत्थर साबित होने वाली थी, प्रोफेसर के नहीं होने पर योजना को गंभीर झटका लगना तय है।

### शिक्षकों की कमी प्रोफेसर नहीं

डॉ निगम के जाने के बाद जैव रसायन विभाग में अब प्रोफेसर नहीं है। डॉ. निगम छात्रों में बेहद लोकप्रिय थे और स्नातकोत्तर एवं स्नातक विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक रहे। खास बात यह है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की निगरानी के कारण सिम्स में बायो केमेस्ट्री की पीजी सीटों पर खतरा मंडरा सकता है। पिछले 6 माह में 11 डाक्टरों का सिम्स में मोह भंग हो चुका है। जिसमें फार्माकोलॉजी विभाग के डॉ. प्रसेनजीत राउत व चर्म रोग विभाग के डॉ. अतुल मोहणकर, यूरोलॉजी विभाग के आशीष पुरोहित, आर्थो के डॉ राजीव सखुजा, डॉ दीपक जांगड़े जैसे अनुभवी प्रोफेसर ने इस्तीफा दिया है। इसके साथ ही संविदा और बॉड के अन्य डाक्टरों ने भी सिम्स को छोड़ दिया है।

### यह है वजह

सिम्स सहित अन्य मेडिकल कालेजों से प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और अन्य एकेडमिक फैकेल्टी का पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग 60 अनुबंधित चिकित्सा शिक्षक छत्तीसगढ़ छोड़कर अन्य राज्यों में नियमित पदों पर नियुक्त हो चुके हैं। इसका मुख्य कारण राज्य की पुरानी और जटिल भर्ती प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ में केवल असिस्टेंट प्रोफेसर/ट्यूटर को ही एंट्री लेवल माना गया है, जबकि अन्य राज्य जैसे आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश आदि में सभी स्तरों जैसे असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के लिए सीधी भर्ती हो रही है। साथ ही पीएससी द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया में बेवजह विलंब होता है। यही कारण है कि योग्य प्रोफेसर अन्य राज्यों में सीधे उच्च पदों पर नियुक्त होकर बेहतर वेतन पा रहे हैं। राज्य में भले की 4 मेडिकल कालेज खोलने की घोषणा की गई है लेकिन हकीकत यह है कि 30 फीसदी से अधिक फैकेल्टी नहीं है।

## बादल पूरी तरह साफ, सूरज की तीखी किरणों से तापमान बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मानसूनी हलचल बंद होने से रूकी बारिश

सावन बीत चुका है, और भादो की शुरूआत हो चुकी है, इस बीच बादल पूरी तरह से साफ हो चुका है, जिसके चलते सूरज से निकलने वाले तीखी किरणें सीधे तौर पर धरती पर पहुंच रही है और तापमान बढ़ चुका है। अधिकतम तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोत्तरी हो चुकी है, ऐसे में गर्मी व उमस से लोगों का हाल बेहाल हो चुका है। बताया जा रहा है कि आने वाले 4 से 5 दिन तापमान में बढ़ोत्तरी हो सकती है। बारिश के आसार कम ही है।

उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री दर्ज किया गया है जो सामान्य तापमान से 4 डिग्री अधिक है। आसमान पूरी तरह से साफ है, ऐसे में दिन के समय लोगों को धूप की वजह से झुलसने को मजबूर होना पड़ रहा है।

हालत यह है कि तीखी धूप की वजह से लोग बाहर निकलने से कतरा रहे है, मई और जून की तरह धूप परेशान कर रही हैतेज गर्मी में लोगों के घरों के एसी, कूलर फिर चालू हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसूनी हवाओं का रूख नहीं है, ऐसे में बारिश बंद है। आगामी 4 से 5 दिनों तक यही हालत रहेंगे।

## जस्टिस रविन्द्र कुमार का स्थाई जज के पद पर ओवेशन आज



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अतिरिक्त जज के पद पर पदस्थ जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल को स्थाई जज नियुक्ति करने सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम से मंजूरी एवं राष्ट्रपति भवन से अनुमोदन होने के बाद सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के कोर्ट हॉल नंबर एक में उनका स्थाई जज के पद में शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है।

जस्टिस अग्रवाल की 2 अक्टूबर 2023 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अतिरिक्त जस्टिस के पद पर नियुक्ति हुई थी। डेढ़ वर्ष से अधिक समय तक अतिरिक्त जस्टिस के पद में न्यायदान के बाद उनकी स्थाई जस्टिस के पद पर पदस्थ नियुक्ति हुई है। जस्टिस अग्रवाल का जन्म भाठापारा में 31 जुलाई 1968 को हुई। पिता डॉ जीपी अग्रवाल रिटार्यड सर्जिकल स्पेशलिस्ट थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा रायपुर एवं बिलासपुर में हुई। उन्होंने राजनांदगांव के गव्हर्नमेंट डिग्री कॉलेज से बीएससी करने के बाद यहीं से 1991 एलएलबी व सितंबर 1992 से बिलासपुर जिला न्यायालय सहित विभिन्न अदालतों में वकालत किए। वर्ष 2000 से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस प्रारंभ किए। सिविल एवं क्रिमनल मामले सहित अन्य प्रकरण में उन्हें विशेषज्ञता है। राज्य के शासकीय अधिवक्ता सहित विभिन्न संगठनों के भी वे पेनल लॉयर रहे।

## इंद्रपुरी खाली कराने रेलवे ने दिया नोटिस, विधायक से मिले लोग

बिलासपुर। रेलवे क्षेत्र की जमीन इंद्रपुरी में बेजाकब्जा करने वाले लोगों को घर खाली कराने का नोटिस रेल प्रशासन ने दिया है, जिससे लोगों को अपनी छत छिनने का खतरा होने लगा है। रेलवे से मोहलत दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक से मुलाकात की है। रेलवे क्षेत्र सिरगिट्टी और चुचुहियापारा में भी रेलवे की जमीन पर अभी भी हजारों की संख्या में लोगों ने बेजाकब्जा कर रखा है, जिसे खाली कराने के लिए बार-बार नोटिस देने के बाद भी खाली नहीं किया जा रहा है। अब रेलवे ने तत्काल इंद्रपुरी के क्षेत्र में बेजा कब्जाधारियों को मकान खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है, जिससे लोगों में दहशत बनी हुई है। रविवार को स्थानीय निवासियों ने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक से मुलाकात करते हुए दिसम्बर तक मोहलत दिलाने मांग की है, ताकि बारिश खत्म होने के बाद वे वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। विधायक धरमलाल कौशिक ने रेल प्रशासन से चर्चा कर प्रभावितों को राहत दिलाने का प्रयास करने आश्वासन दिया है।

मंदिर में 150 करोड़ का कारिडोर प्रोजेक्ट भी जल्द शुरू होगा

# आशीष सिंह पुनः बने मां महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ की प्राचीन एवं जनास्था का केन्द्र मंदिर रतनपुर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का रविवार को पुनर्गठन किया गया । बैठक में सर्वसम्मति से आशीष सिंह ठाकुर को पुनः अध्यक्ष पद पर चयन कर मनोनीत किया गया तथा सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन के लिए अधिकृत किया गया। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट के संविधान के अनुसार कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 साल के लिए होता है। बैठक में आम सहमति से अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर द्वारा अपनी नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की गई। तदनुसार सतीश शर्मा एवं मोती चन्द जायसवाल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पुजारी अरूण शर्मा मैनेंजिंग ट्रस्टी, रितेश जूनेजा कोषाध्यक्ष एवं शैलेन्द्र जायसवाल को सहसचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। छत्तीसगढ़ की इस शक्तिपीठ केलिए माननीय तोखन साहू केन्द्रीय आवासन राज्य मंत्री एवं सांसद बिलासपुर द्वारा रतनपुर में कारीडोर निर्माण की घोषणा की गई जिसका कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ होने वाला वाला है।

बैठक में ट्रस्टीगण मनराखन लाल जायसवाल, सुनील सोनथलिया, धर्मेन्द्र चन्देल, अनिल खण्डेलवाल, शरद दुबे, सन्तोष शुक्ला, शक्ति सिंह ठाकुर, विनोद गोरख, राजकुमार खुशलानी, चेतनधर शर्मा गोपाल गुप्ता एवं कपिल पाण्डेय उपस्थित थे। इस दौरान फिर से चैयरमैन बने आशीष सिंह ने समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार और कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए मां महामाया देवी की सेवा समर्पित भाव से करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों की सहमति से मंदिर के विकास के लिए काम किया जाएगा। महामाया मंदिर को कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की योजना के तहत मंदिर परिसर का पूरी तरह कायाकल्प होगा। योजना में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक आवागमन, लाइटिंग, सौंदर्यीकरण और भव्य प्रवेश द्वार बनाने पर जोर दिया जाएगा। मंदिर परिसर में आधुनिक शौचालय, पेयजल, पार्किंग सुविधा और पर्यटकों के लिए ठहरने के विशेष इंतजाम भी किए जाएंगे।

### ट्रस्ट बनवा रहा बड़ा अंग्रेजी स्कूल

रतनपुर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा जल्द ही एक बड़े अंग्रेजी स्कूल का निर्माण कराया जाएगा। यहां बच्चों से नाम मात्र का शुल्क लेते हुए पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई कराई जाएगी। इसके लिए टेंडर कर दिया गया है और जल्द ही मंदिर के पीछे वाले हिस्से में काम शुरू होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि इस स्कूल में एक हजार बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही अयोध्या, काशी और उज्जैन के महाकाल कॉरिडोर की तरह अब छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर को भी भव्य कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) ने मंदिर परिसर का प्रारंभिक तौर पर सर्वे करते हुए ड्राइंग डिजाइन बनाना शुरू कर दिया है। करीब 150 करोड़ के इस प्रोजेक्ट पर जल्द काम शुरू होगा। आशीष सिंह ठाकुर को पुनः अध्यक्ष पद पर चयन कर मनोनीत किया गया है। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने बताया कि फिलहाल ट्रस्ट द्वारा संस्कृत विद्यालय का संचालन किया जा रहा है और अब हायरसेकेंडरी स्कूल भी खोला जाएगा।

⏭ शेष 2 पर

### केन्द्र की कारिडोर योजना में शामिल

चैयरमैन आशीष सिंह के मुताबिक ट्रस्ट के प्रयासों से मंदिर को केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना और कारिडोर योजना में शामिल किया गया है। बिलासपुर-कोरबा मुख्य मार्ग पर स्थित रतनपुर नगर आदिशक्ति मां महामाया देवी का दिव्य धाम है। देश के 51 शक्तिपीठों में शामिल होने के कारण महामाया मंदिर रतनपुर का विशेष धार्मिक महत्व भी है।

### मंदिर तक का रास्ता 80 फीट का होगा

चैयरमैन आशीष सिंह ने बताया कि इस पूरे मंदिर परिसर को काशी कारिडोर की तरह विकसित किया जाएगा। इसके लिए सबसे पहले मुख्य द्वार से लेकर मंदिर तक के रास्ते को 80 फीट किया जाएगा। फिलहाल इस सड़क के दोनों तरफ कब्जा है और रास्ता 20 फीट का है। यहां प्रसाद की और दूसरी दुकानें लगतीं हैं। इन्हें व्यवस्थित करते हुए मंदिर परिसर में ही जगह दी जाएंगी ताकि कोई भी प्रभावित नहीं हो।



## खबर संक्षेप

### मानस महिला मंडल नेहरूनगर की महिलाओं ने किया रामायण पाठ



**बिलासपुर।** मानस महिला मंडल नेहरूनगर की महिलाओं द्वारा मानस भवन में आयोजित संगीतमय रामायण पाठ का हवन-पूजन के साथ समापन हो गया। जिसमें मानस महिला मंडल की बहनों ने हर्षोल्लास के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया। उल्लेखनीय है कि मानस महिला मंडल द्वारा विगत पच्चीस वर्षों से प्रति वर्ष श्रावण मास में संध्या संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया जाता रहा है। यह जानकारी मानस महिला मंडल नेहरूनगर की वसन्ती वर्मा ने दी।

### श्रीराम टावर्स सोसाइटी की महिलाओं ने लगाए पौधे



**बिलासपुर।** श्रीराम टावर्स सोसाइटी की महिलाओं ने पिछे गॉर्डन में पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा की भी ज़िम्मेदारी ली। इस कार्य में अंजू, स्वीटी, नेहा, मनीषा, पम्मी, सविता, शारदा, जैस्मिन, अनामिका, कौस्तुभ, कामाक्षी, संस्कृति, अमाद, अंश, चीकू की सहभागिता रही।

### सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण



**बिलासपुर।** सवेरा एक नई किरण संस्था ने भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह के आतिथ्य में राजकिशोर नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर पार्षद जय वाधवानी, स्मृति जैन, विवेक तिवारी, रीना झा, शशि नारायण मिश्रा, सतीश सिंह, विनोद सिन्हा, मनोहर पटेल, शारदा मिश्रा, रीना चक्रवर्ती, सावित्री बंसल, बिंदु निषाद, सपना, राजकुमारी यादव, जीत सिंह, रमा गुप्ता, प्राचार्य भूपेंद्र गौरहा एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में रेडक्रॉस द्वारा किया गया पौधरोपण



**बिलासपुर।** 8 अगस्त को शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में रेडक्रॉस के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार वृक्ष एवं औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के के भंडारी ने आम, बेल एवं अमरूद के पौधे लगाए। औषधीय वृक्षों में गिलोय, तुलसी, एलोवेरा आदि पौधे महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा लगाए। कार्यक्रम में रेडक्रॉस प्रभारी डॉ शशिकला सिन्हा, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ शोभा महेश्वर, डॉ बेला महंत, डॉ दीपिका, डॉ वंदना, आनंद, अलका एवं कार्यालयीन स्टाफ के श्री.देवांगन, सालिक राम पटेल, रामयण, दिलीप यादव, दिलीप, संजय गुप्ता सहित अनेक प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीएमश्री सेजेस में कार्यशाला का राज्य टीम ने किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम चकरभाठा में 4 अगस्त से 8 अगस्त तक 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कक्षा नवमी से 12वीं तक कुल 50 के विद्यार्थियों को भुवनेश्वर उड़ीसा के विशेषज्ञ बिंदु गोविंद एवं तुषार ताम्रकार द्वारा ए आई और पाइथन प्रोग्रामिंग सिखाया जा रहा है। इसका आज राज्य निरीक्षण टीम ने बच्चों से जानकारी ली। टीम में अजय देशपांडे पीएम श्री राज्य नोडल अधिकारी, आशीष गौतम एपीसी राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर, अंजन जोशी (निलीट) द्वारा कार्यशाला का अवलोकन किया गया। राज्य नोडल अधिकारी श्री देशपांडे ने कहा की अब पहले से विद्यार्थियों से उनकी इच्छाओं को ध्यान में रखकर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में मनोज कुमार यादव, प्राचार्य हरदुल प्रसाद ओगरे, आशीष गौतम, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मां महामाया मंदिर...

इसकी मान्यता से लेकर दूसरी औपचारिकताएं पूरीं की जा रही हैं। स्कूल भवन के लिए टेंडर कर दिया गया है। चैयरमैन आशीष सिंह के मुताबिक मंदिर परिसर में मूर्तियों और प्रतिमाओं के साथ ही दूसरी मरम्मत के लिए हर साल 10 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही एक लाख दिए जलाए जा सकें इसके लिए बड़ा हाल भी बनाया जाएगा।

**होटल, दुकानें और कई पार्किंग क्षेत्र भी :** इस कारिडोर में ही ट्रस्ट द्वारा एक बड़ा होटल बनाया जाएगा। इसमें 80 कमरे रहेंगे। नवरात्र और दूसरे विशेष आयोजनों पर बाहर से आने वाले लोगों के लिए इसे तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही दो जगहों पर बड़ी पार्किंग एरिया भी बनेगी जो कि दुपहिया और चार पहिया के लिए होगी।

**आधुनिक बनेगा ज्योति कलश कक्ष :** ट्रस्ट के मुताबिक फिलहाल कई कमरों में दिए जल रहे हैं। इन कमरों को डिस्मेंटल करते हुए 108 फीट का मल्टीकाम्प्लेक्स ज्योति कलश कक्ष बनेगा। यहां एक लाख ज्योति कलश एक साथ जल सकेंगे। इसे ग्लास से कवर किया जाएगा जिससे की दो किलोमीटर दूर से भी भक्त गण इसे देख सकें। अलग से लिफ्ट लगाई जाएगी ताकि श्रद्धालु अपने कलश तक पहुंचकर प्रसाद और आर्शीवाद ले सके।

---

**आवास निर्माण का कार्य चल रहा तेजी से** | चार-पांच सालों से अटकी थी आवास की स्वीकृति

# जिले में 58 हजार ग्रामीण आवास का टारगेट, 25 हजार बनकर तैयार

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तहत बिलासपुर जिले में 58 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं और उतने आवास निर्माण का टारगेट रखा गया है। स्वीकृति के बाद ग्रामीण आवास निर्माण का काम तेजी से चल रहा है और अभी तक लगभग 25 हजार आवास के कार्य पूर्ण भी हो गए हैं, हितग्राहियों को तीन किश्त की राशि भी जारी की जा चुकी है।

प्रदेश में पिछले कांग्रेस शासनकाल के समय केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भूपेश सरकार की टकराहट के चलते प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास का काम ठप पड़ गया था। नए आवासों की स्वीकृति पर एक तरह से रोक लग गई थी और सर्वे सूची में नाम होने के बाद भी ग्रामीणों के आवास स्वीकृति अटका हुआ था। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास स्वीकृति फिर शुरू हुआ, क्योंकि भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में आवास योजना को शामिल किया गया था। बिलासपुर जिले में 58 हजार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास स्वीकृत किए



गए हैं। आवास स्वीकृति के बाद राशि भी समय-समय पर जारी कर दी गई और अभी उन 25 हजार आवासों का तीसरी किश्त की राशि जारी की जा चुकी है जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। बरसात की वजह से जरूर आवास का काम थोड़ा प्रभावित हुआ, फिर से आवास निर्माण में तेजी से काम हुआ है जिसके चलते टारगेट से अब तक लगभग 48 फीसदी काम हो गया है।

### चार किश्तों में 1 लाख 20 हजार राशि

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना तहत हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए शासन की ओर से 1 लाख 20 हजार राशि दी जाती है। यह राशि ग्रामीणों को चार किश्तों में प्रदान की जाती है, जिसमें पहली किश्त आवास स्वीकृत होने पर 25 हजार रुपए, दूसरी किश्त प्लिंथ स्तर का काम होने के बाद जियोटैग पश्चात 40 हजार रुपए, तीसरा किश्त छत स्तर के आवास निर्माण का जियोटैग के बाद 40 हजार रुपए तथा चौथा किश्त 15 हजार रुपए आवास निर्माण पूर्ण होने पर मिलता है।

### योजनान्तर्गत भर्ती किए गए आवास मित्र

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में पहले आवास मित्र कार्यरत थे उन्हें पिछले सरकार के समय काम से हटा दिया गया था। आवास मित्रों को ग्रामीण हितग्राहियों से मिलकर उनकी मदद कर आवास निर्माण कराने का लक्ष्य दिया जाता था, लेकिन प्रदेश में सत्ता बदलते ही कांग्रेस शासन में प्रधानमंत्री आवास योजना का काम ठप हो गया और आवास बनाने का काम भी रूक गया था, इसलिए आवास मित्रों के पास कोई काम नहीं रह गया था जिसके चलते उन्हें काम से बाहर कर दिया गया था। आवास मित्रों का बकाया वेतन भी काफी समय तक अटका रहा, लेकिन प्रदेश की सत्ता में भाजपा सरकार के आने के बाद फिर से प्रधानमंत्री आवास का काम जोर पकड़ा इसलिए जिला पंचायत द्वारा जिले में 301 आवास मित्रों भर्ती के बाद उन्हें अलग-अलग जनपद पंचायत अंतर्गत पदस्थ किया गया है।

### जिले के किस ब्लॉक में कितने आवास मित्र

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत जिले के सभी ब्लॉकों में आवास मित्रों की भर्ती किए गए हैं। जिला पंचायत द्वारा जिले में कुल 301 आवास मित्रों की भर्ती की गई, जिसमें बिल्हा ब्लॉक में 78 आवास मित्र, कोटा ब्लॉक में 80 आवास मित्र, मस्तूरी ब्लॉक में 86 आवास मित्र, तखतपुर ब्लॉक में 57 आवास मित्र हैं।

### बारिश में प्रभावित हुआ है कार्य

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत जिले में 58 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से लगभग 25 हजार आवास का काम पूरा हो गया है। बरसात के कारण थोड़ा निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है नहीं तो पूर्ण आवासों की संख्या अधिक होती है।

**-संदीप अग्रवाल**, सीईओ, जिला पंचायत

---

निर्माण में शामिल किए गए कुछ अन्य कार्यों के प्रस्ताव

# महीने भर में बदल जाएगी पचरीघाट बैराज की भी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिवघाट बैराज की तरह ही पचरीघाट बैराज की तस्वीर भी एक महीने के भीतर बदली नजर आएगी। पचरीघाट बैराज के निर्माण में कुछ अन्य प्रस्ताव शामिल किए गए हैं, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति तो प्राप्त हो चुकी है, वहीं तकनीकी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। माह के अंत तक इसकी स्वीकृति मिल जाने की संभावना है। बैराज का अस्सी फीसदी काम पूरा किया जा चुका है।

खारंग जल संसाधन संभाग द्वारा बीते दिनों शिवघाट बैराज की टेस्टिंग की गई। टेस्टिंग के दौरान बैराज के सभी गेट बंद किए गए, जिससे देखते ही देखते अरपा नदी लबालब हो गई। सिंचाई विभाग द्वारा अरपा नदी पर शिवघाट व पचरीघाट में अलग-अलग दो बराज बनाए जा रहे हैं, जिसमें शिवघाट बराज की सफल टेस्टिंग के बाद अब शहरवासियों की निगाह पचरीघाट बराज पर टिकी है। पंद्रह दिनों बाद ही गणेश चतुर्थी व सितंबर के अंत में शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने वाला है। गणेशोत्सव व दुर्गोत्यव के दौरान गणेश व दुर्गा की प्रतिमा पचरीघाट में ही विसर्जित की जाती हैं। बीते वर्ष तक पचरीघाट में विसर्जन के लायक पर्याप्त पानी नहीं होता था, लेकिन इस साल शिवघाट बैराज में पानी का जमाव देखकर लोगों के मन में दुर्गोत्सव तक पचरीघाट में भी पर्याप्त पानी की उम्मींद जाग गई है। सिंचाई विभाग के अनुसार बैराज में मुख्य रूप से अभी गेट व गर्डर का काम ही शेष है, जिसे ईएनएम सकरी डिवीजन द्वारा किया जाना है। इसके अलावा पुल के ऊपर एप्रोच रोड व वियरिंग कोट जैसे काम शेष हैं , लेकिन ये बड़े काम नहीं हैं।




### पचरीघाट बैराज टेस्टिंग में न हो ऐसी गलती

शिवघाट बैराज की टेस्टिंग के दौरान अरपा तो लबालब हो गई, लेकिन बैराज के आसपास झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के घर भी लबालब हो गए थे। हालांकि जिन घरों में पानी का प्रवेश हुआ था, वे सभी बेजा-कब्जा कर बनाए गए मकान थे, जिसकी किसी भी तरह की सूचना या जानकारी प्रशासन व सिंचाई विभाग को नहीं दी गई थी। यही कारण है कि वहां पानी से न केवल लोगों को, बल्कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी परेशान होना पड़ा। यही स्थिति पचरीघाट बैराज की टेस्टिंग में भी निर्मित हो सकती है। विभाग को टेस्टिंग से पूर्व डुबान क्षेत्र के आसपास बेजा-कब्जा वाले घरों की लिस्टिंग कर समय रहते वहां से हटवाने की कार्रवाई करनी होगी।

### 20 फीसदी काम बचा

पचरीघाट बैराज में कुछ अतिरिक्त कार्य कराए जाने हैं, जिसके प्रस्ताव पर शासन स्तर से प्रशासकीय स्वीकृति तो मिल चुकी है, वहीं तकनीकी स्वीकृति का इंतजार है। माह के अंत तक स्वीकृति मिल जाने की संभावना है। पचरीघाट बराज का 80 फीसदी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 20 प्रतिशत भी अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।

**-मधु चंद्रा**, ईई, खारंग जलसंसाधन संभाग

---

सुरक्षा को लेकर अफसरों से की चर्चा

# राज्य मंत्री तोखन पहुंचे एनपीटीसी के घटना स्थल

**बिलासपुर।** बीते बुधवार को एनटीपीसी सीपत संयंत्र में मेंटेनेंस के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो चुकी है। प्रबंधन ने मुआवजा देने का एलान कर दिया है, इसी बीच शनिवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एनटीपीसी पहुंचे और दुर्घटना स्थल का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने संयंत्र के आला अधिकारियों से मुलाकात की है।



▪ मृतक के परिजन को रोजगार देने कहा

दरअसल 6 अगस्त को सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट में हुए हादसा में घायल दो मजदूरों की अब तक मौत हो चुकी है। यूनिट-5 में मेटनेंस के दौरान एयर प्री फिल्टर का प्लेटफार्म अचानक गिर गया, 5 से अधिक मजदूर दब गए, इस दौरान श्रमिक श्याम साहू पिता नारायण साहू (27 वर्ष) प्रताप सिंह कंवर (28 वर्ष) बुरी तरह से घायल हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। प्रबंधन ने मामले में दिवंगत के आश्रितों को सीपत एनटीपीसी व ठेकेदार के द्वारा 5-5 लाख रुपए का मुआवजा देने और परिजन सदस्य को संविदा पर अकुशल या अर्धकुशल श्रेणी में रोजगार देने की बात कही है, इस बीच शनिवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू हादसा स्थल पहुंचे। एनटीपीसी के पीआरओ प्रवीण रंजन भारती ने कहा कि केन्द्रीय राज्य मंत्री शनिवार को आए थे, इस दौरान उन्होंने घटना स्थल का मुआयना किया है, वहीं इस तरह के हादसे का दोहराव नहीं हो सके, इसके लिए सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई है।

# शोभायात्रा में नगर विधायक अमर का किया स्वागत



**बिलासपुर।** 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। आदिवासी समाज के सभी लोगों ने ईष्टदेव बुढ़ा महादेव के पूजन किया। समाज के लोगों ने इस अवसर पर विशाल रैली निकाली और शहर का भ्रमण किया।

आंगादेव की अगुवाई में पूजा अर्चना कर जुलूस छात्रावास से प्रारंभ होकर मंदिर चौक, इन्दु चौक, मगरपारा चौक, अग्रसेन चौक, अंबेडकर चौक, ईदगाह चौक, देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक, महामाया चौक, नूतन चौक, अशोक नगर चौक, से गोंड़वाना भवन पर समाप्त हुई, जिसमें आदिवासी समाज के सभी लोग आदिवासी पारंपरिक वेश-भूषा में नजर आए, इस अवसर पर विशेष झाँकी जैसे रेलापार, सुआ, कर्मा आंगादेव के साथ शहर भ्रमण किया। हर चौक चौराहे पर व्यापारी गण ने रैली का स्वागत किया। समाज के लोगों ने पंडाल लगाकर रैली में आए सभी के लिए फल, नाश्ता, पानी की व्यवस्था की। नेहरू चौक में रैली भव्य रूप से डी.जे.बाजा-गाजा के साथ हजारों लोगों ने आदिवासी पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर शहर विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । गोंड़ भूमकाल समिति के अध्यक्ष रामचन्द्र ध्रुव ने गोंड़वाना भवन में अतिरिक्त हाल का निर्माण के लिये मांग की, जिसमें मुख्य अतिथि ने 25 लाख रूपए देने की घोषणा की ।

---

# कांग्रेस की मंडल व सेक्टर कमेटियों का गठन आज

**बिलासपुर।** कांग्रेस संगठन में सृजन अभियान तहत मंडल व सेक्टर कमेटियों के गठन को लेकर कवायद चल रही है। कांग्रेस प्रदेश संगठन की ओर से मंडल कमेटी और सेक्टर कमेटी के गठन को लेकर पार्टी ने 5 अगस्त तक डेटलाइन तय की थी। लेकिन अभी तक कई जगहों पर कमेटियों का गठन नहीं हो पाया है, इसलिए संगठन ने 11 अगस्त तक डेटलाइन बढ़ाई है।

अखिल भारतीय कांग्रेस के उदयपुर अधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुसार कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत पूरे छत्तीसगढ़ में मंडल कमेटियों और सेक्टर कमेटियों का गठन की कवायद चल रही है। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हरेक ब्लॉक के लिए प्रभारी नियुक्त किया है और जिला, शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भी मंडल व सेक्टर प्रभारी बना दिया गया है। इस तरह से मंडल और सेक्टर कमेटियों के गठन को लेकर ब्लॉकों में लगातार बैठकें चल रही है। मंडल कमेटी और सेक्टर कमेटी का गठन 5 अगस्त तक पूरा करना था। इसके लिए कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारियों की राय ली जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस की ओर से मंडल व सेक्टर कमेटी का गठन करके प्रभारियों को सूची सौंप दी जाएगी, जो जिला प्रभारी को रिपोर्ट भेजेंगे और जिला द्वारा प्रदेश कांग्रेस को भेजी जाएगी। लेकिन अभी तक कई जगहों पर मंडल कमेटी और सेक्टर कमेटी का गठन नहीं हो पाया है। इसलिए संगठन ने 11 अगस्त तक का समय दिया है और अनिवार्य रूप से उक्त तिथि तक कमेटियों में पदाधिकारियों, सदस्यों के नाम जमा करने कहा है। इन कमेटियों में 50 प्रतिशत एसटी-एससी, ओबीसी और महिलाओं को शामिल करना है। इसी तरह 50 प्रतिशत 50 वर्ष से कम आयु के युवाओं को शामिल करना है। एक मंडल कमेटी में कम से कम 25 से 30 बूथ होंगे। कांग्रेस के मंडल कमेटियां 21 लोगों की होगी, जिसमें एक मंडल अध्यक्ष समेत एक कोषाध्यक्ष, एक सोशल मीडिया सदस्य, 3 सचिव, 3 सह-सचिव और 9 कार्यकारिणी सदस्य होंगे।

# खाद्य विभाग में धूल खा रहीं एक दर्जन बिगड़ी वेट मशीनें

**बिलासपुर।** खाद्य विभाग के आफिस में करीब एक दर्जन वेट मशीनें सुधार के इंतजार में धूल खा रही हैं। किसी भी तरह की खराबी आने पर इन मशीनों के बाहर सुधार का कोई प्रावधान नहीं होने के कारण राशन दुकानदार संचालकों को मजबूरन इंतजार करना पड़ रहा है। उधर वेट मशीन के अभाव राशन वितरण नहीं हो पाने से हितग्राही हलाकान हो रहे हैं।

▪ मशीनों के बाहर सुधार का प्रावधान नहीं

खाद्य विभाग के कार्यालय में रखी गई यें मशीनें किन राशन दुकानों की हैं इस संबंध में विभाग को भी जानकारी नहीं है। विभाग का कहना है कि सुधार के लिए आई मशीनों के बदले तुरंत दूसरी चालू हालत वाली मशीन संबंधित को दे दी जाती है, ताकि राशन वितरण से संबंधित काम न रूके। ऐसी स्थिति में कौन सी मशीन किस दुकान की है यह पता ही नहीं चल पाता। ज्ञात हो कि राशन दुकानों में रखी गई वेट मशीनें सामान्य मशीनें नहीं होतीं। ये ब्लूटुथ के जरिए ई पीओएस मशीन से कनेक्टेड रहती हैं, जो दुकान की समस्त गतिविधियों की उच्च स्तर पर जानकारी पहुंचाती रहती हैं। यही कारण है कि मशीन में खराबी के बाद राशन दुकान संचालक सीधे तौर पर इनका सुधार बाहर नहीं करवा सकते। खराब मशीनों को सुधार के लिए विभाग लाया जाता है, जहां ई-पीओएस व वेट मशीनों के मेंटेनेंस का ठेका लेने वालों द्वारा सुधार किया जाता है, लेकिन इस चक्कर में सुधार में काफी समय लग जाता है, जिससे राशन वितरण में व्यवधान उत्पन्न होता है।

### हर रोज लाई जाती हैं मशीनें

बारिश के मौसम में वेट मशीनों में कुछ अधिक खराबी आती है, लेकिन यह पूरी तरह रूटीन की प्रक्रिया है। दस से अधिक मशीनें लगभग रोज ही सुधार के लिए विभाग लाई जाती हैं। विभाग में कुछ मशीनों की व्यवस्था पहले से ही करके रखी गई है, जिन्हें खराब मशीन के बदले तत्काल राशन दुकान संचालकों को दे दिया जाता है, ताकि वितरण व्यवस्था प्रभावित न हो।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

---

15 अगस्त तक शत प्रतिशत हो जाएगी रोपाई

# जिले के 61 हजार हेक्टेयर में रोपा लगाने का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रोपा पद्धति से धान की बोनी करने के लिए जिले में इस साल 67 हजार हेक्टयर लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके अंतर्गत किसानों द्वारा 61 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रोपा लगाने का काम पूरा किया जा चुका है। बीते साल इसी अवधि में केवल 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में ही रोपाई हो सकी थी। इस साल सही समय पर व भरपूर बारिश होने के कारण किसानों को सही समय में बोनी करने में काफी मदद मिली।

किसानों द्वारा रोपा लगाने का काम फिलहाल अंतिम चरणों में है। जिले में इस खरीफ के लिए 67 हजार 758 हेक्टेयर क्षेत्र में रोपा पद्धति से बोनी करने का लक्ष्य रखा गया था। मानसून के सही समय पर सक्रिय होने के कारण भरपूर



बारिश हुई, जिससे किसानों को रोपा लगाने में बड़ी मदद मिली। आज की स्थिति में किसानों ने 61 हजार 177 हेक्टेयर क्षेत्र में रोपा लगा लिया है, वहीं लक्ष्य से फिलहाल केवल 6 हजार 581 हेक्टेयर ही दूर हैं। वर्तमान में जिले में 97 प्रतिशत रोपाई पूरी हो चुकी है।

इसके विपरीत बीते वर्ष की बात करें तो बीते वर्ष इसी अवधि में 55 हजार 580 हेक्टेयर में ही रोपा लगाने का काम पूरा हो सका था। इस हिसाब से यह कहा जा सकता है कि बारिश ने इस साल किसानों का भरपूर साथ दिया है। इतना ही नहीं, बल्कि कृषि विशेषज्ञों एवं अनुभवी किसानों द्वारा इस साल फसल भरपूर होने की संभावना भी जाहिर की गई है। उनका कहना है कि आमतौर पर किसानों को उनकी जरूरत के समय पानी नहीं मिल पाता। जबकि इस साल किसानों को जब-जब पानी की जरूरत हुई है, तब-तब बारिश होती रही है। ऐसे में सही समय में खेती का काम पूरा होता रहा है।

### 15 तक पूरा हो जाएगा काम

जिले में 97 प्रतिशत रोपा लगाया जा चुका है। पंद्रह अगस्त तक शेष तीन प्रतिशत रोपा लगाने का काम पूर्ण कर लिया जाएगा।

**-पीडी हथेश्वर**
उपसंचालक कृषि

# ट्रेनों में बुजुर्गों को 50% की छूट बंद, सुविधा लोअर बर्थ की

**बिलासपुर।** ट्रेनों में सफर करनें वाले बुजुर्गों को दी जाने वाली 50 फीसदी छूट को रेल प्रशासन ने कोरोना काल से बंद कर रखा है। इसे शुरु करने के बजाय वीआईपी और बुजुर्गों सहित गर्भवती महिलाओं के लिए स्लीपर और एसी कोच में लोअर बर्थ का कोटा प्रदान किया गया है, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कोरोना काल से पहले चलने वाली सभी ट्रेनों में वीआईपी से लेकर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग, कैंसर पीड़ित मरीजों सहित छात्रों को रेलवे की ओर से किराए में विशेष छूट प्रदान की जा रही थी। इस छूट का फायदा लेने के लिए यात्रियों को केवल अपने दस्तावेज बुकिंग के दौरान पेश करने पड़ते थे। किराए में विशेष 50 फीसदी छूट के साथ ही रेलवे बोर्ड के आदेश पर बुजुर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग, कैंसर पीड़ित यात्रियों को लोअर बर्थ की सुविधा भी मिल रही थी। कोरोना काल के बाद रेलवे ने स्पेशल के नाम पर ट्रेनों का परिचालन शुरु किया, जिसमें सारी सुविधाएं और छूट देना बंद कर दिया गया। डेढ़ साल के बाद स्पेशल ट्रेनें जब नार्मल चली तो लोगों को रेलवे की ओर से दी जाने वाली छूट मिलने की आस भी थी, जिसे रेलवे बोर्ड ने किसी भी स्टेशन और ट्रेनों में लागू नहीं किया। इसके कारण वर्तमान में भी समस्या से इन सभी यात्रियों को जूझना पड़ रहा है।

हरिभूमि

बिलासपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



जॉब

## इंडियन नेवी में ट्रेड्समैन के पदों पर निकली भर्ती



**बिलासपुर।** इंडियन नेवी की ओर से सिविलियन ट्रेड्समैन (ग्रुप-सी) के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इंडियन नेवी की ओर से सिविलियन ट्रेड्समैन के कुल 1266 पदों पर भर्ती की जाएगी। अगर आप भी इंडियन नेवी में सिविलियन ट्रेड्समैन के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं तो यह आपके लिए एक सुनहरा मौका है। यह भर्ती रोजगार समाचार में 9 से 15 के साप्ताहिक समाचारपत्र में प्रकाशित किया गया है। रोजगार समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के तहत आवेदन पांचवे दिन से शुरू हो जाएंगे। साथ ही इन पदों पर आवेदन करने के लिए आवेदन शुरू होने से 21 दिन तक स्वीकार किए जाएंगे। बात दें कि उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

### शैक्षणिक योग्यता

इन पदों पर आवेदन करने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवार ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से कक्षा दसवीं के साथ ट्रेड में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग को पूरा किया हो। साथ ही उम्मीदवारों के पास अन्य निर्धारित पात्रताएं भी होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 19,900 रुपये से लेकर रुपये 63,200 प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। सिविलियन ट्रेड्समैन (ग्रुप-सी) के पद पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 25 वर्ष निर्धारित की गई है।

आयोजन

## डीपीएस के छात्रों ने किया अपनी रचनात्मकता कला का प्रदर्शन



**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में सह पाठ्यचर्या संबंधित गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा दूसरी (ग्रुप-बी) के छात्र-छात्राओं के लिए रचनात्मक और कलात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक विभाग के अलग-अलग सदन के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इसका उद्देश्य बच्चों में किताबों के प्रति रूचि बढ़ाना और उनकी कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति का प्रयोग करते हुए सजावटी सामाग्रियों का उपयोग कर आकर्षक बुकमार्क तैयार की। प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया । इस प्रतियोगिता का निर्णय मोनिका चर्तुवेदी तथा सांत्वना ने छात्रों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति तथा समग्र प्रस्तुति के आधार पर किया। संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ तथा प्रशासनिक अधिकारी आर.सी. मोहती ने सभी प्रतिभाशाली प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की संयोजिका बॉबी मथाई रही तथा कार्यक्रम में सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

संगोष्ठी

## मासिक काव्य गोष्ठी में सरस रचनाओं का पठन



**बिलासपुर।** बिलासपुर साहित्य समिति की 263 वीं मासिक काव्य गोष्ठी समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के निवास स्थान गंगा विष्णु भवन में आयोजित की गई। जिसमें नगर के सशक्त हस्ताक्षरों से ओतप्रोत कवियों ने हिस्सा लिया एवं सरस रचनाओं का पठन किया। जिसमें मयंकमणि दुबे, एनके शुक्ल, बल्लू दुबे, विजय तिवारी, अमृतलाल पाठक, हरबंश शुक्ल शामिल रहे। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री दिवंगत नेता शिबू सोरेन जो कि पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन में सहभागिता निभाई थी, के निधन तथा प्रकृति के प्रकोप से दिवंगत नागरिकों के असमय निधन पर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव हरबंश शुक्ल ने किया।

एजुकेशन

## गरीब बच्चों को नि :शुल्क शिक्षा देने शांति निकेतन स्कूल की पहल

**बिलासपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल सिरगिट्टी की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 50 छात्र-छात्राओं को नर्सरी से कक्षा 12वीं (साइंस, कॉमर्स, आर्ट) तक पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। प्राचार्य निलेश गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सभी कक्षाओं में टीवी व सीसीटीवी कैमरे, 10 फीट ऊंची बाउंड्रीवाल से सुरक्षित परिसर, निःशुल्क अंग्रेजी व कंप्यूटर कोचिंग, ट्यूशन क्लास, वीडियो एवं खेल के माध्यम से शिक्षण, योग्य व अनुभवी शिक्षक, योगा, धर्मशास्त्र, पेंटिंग, कराटे व शिष्टाचार की शिक्षा की सुविधा है। यह योजना विशेष रूप से बसिया, हरदी, कोरमी, नकपुरा, सिलपहरी, धूमा, सिरगिट्टी के बच्चों के लिए है, किन्तु अन्य गांव के बच्चे भी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस अभियान में सहयोग करने और योग्य बच्चों को इस अवसर का लाभ दिलाने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी स्कूल के मैनेजर देवेन्द्र सन्नाड्य ने दी।



# देवी गंगा देवी गंगा लहर तुरंगा, भोजली दाई के भीजे आठो अंगा...

**देवी गंगा देवी गंगा लहर तुरंगा..,आगे आगे भोजली तिहार, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तिहार..आदि भोजली गीतों से तोरवा गूंज उठा। मौका था भोजली महोत्सव समिति द्वारा तोरवा पटेल मोहल्ला में आयोजित भोजली महोत्सव 2025 का। महोत्सव में कई मोहल्लों से भोजली टीम पारंपरिक वेश में पहुंची और अपने भोजली का प्रदर्शन किया। अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि भोजली की गौरवशाली परंपरा रही है। यह परंपरा आज भी बरकरार है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर साल की तरह इस साल भी रक्षाबंधन के अगले दिन रविवार को शहर के तोरवा, पचरीघाट, मंगला में भोजली महोत्सव मनाया गया। छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला भोजली पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि यह सामाजिक रिश्तों और दोस्ती की डोर को भी मजबूत करता है। वर्षों से निभाई जा रही यह परंपरा आज भी ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उतने ही उत्साह के साथ जीवंत है। भोजली महोत्सव समिति के अध्यक्ष शंकर यादव ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार है। इसे आज भी भारी उत्साह से मनाया जाता है। तोरवा आयोजन स्थल में इस साल भी तोरवा, मोपका, देवरीडीह, चांटीडीह, चिंगराजपारा से महिलाएं, युवतियां सिर में भोजली लिए हुए भोजली गीत गाते हुए अपनी टीम के साथ पहुंची। कई टीम डीजे की धुन के बीच बाजे-गाजे के साथ आए। इन सभी टीम की महिलाएं अलग-अलग कलरों में पारंपरिक तरीके से साड़ी पहनी हुई थी। रंग-बिरंगी यह दृश्य सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा था। उन्होंने बताया कि महोत्सव में छह पुरस्कार एवं अन्य सभी भोजली दल को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। निर्णायक की भूमिका में डॉ अल्का यादव, मोना केंवट व ज्योति सक्सेना रही। इनके द्वारा पारंपरिक ड्रेसअप, भोजली की बांस की टोकनी में बोआई एवं गीत के आधार पर स्थान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पारंपरिक वेश में महेंद्र ध्रुव ने किया।

### महिलाओं में दिखा उत्साह

कार्यक्रम के आरंभ में छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र के सामने दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके बाद एक-एक कर महिलाएं भोजली ली हुई पहुंचती रही। हरे-पीले कलर की मनमोहक भोजली देखने लोगों की काफी भीड़ रही। अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल ने भी भोजली टीम की उत्सुकता को देख कर खुशी जाहिर की और इस आयोजन के लिए भोजली महोत्सव समिति को शुभकामनाएं दी और कहा कि आज भी हमारी सनातन संस्कृति अक्षुण्ण है। इसका मुख्य कारण हमारी इस गौरवशाली परंपरा को जीवित रखना है। इसकी गहराई में जाएं तो यह समाज में समरसता, एक-दूसरे के प्रति प्रेम भाव प्रदर्शित करने का उत्सव है। उन्होंने कहा कि आगे भी भोजली की गौरवशाली परंपरा पोषित व पल्लवित हो। भोजली देवी सभी की जिंदगी में खुशहाली लाए। अतिथि उद्योगपति प्रवीण झा ने भोजली उत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर दीपक सिंह, मोती रंगवानी, श्रीनू राव, राकेश कलवानी, शैलेंद्र यादव, आशुतोष शर्मा, दिनेश देवांगन, विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व महापौर रामशरण यादव, भोजली महोत्सव समिति से शंकर यादव, गंगेश्वर, सुनील भोई, नंदकिशोर यादव, प्रवीण, तरूण, सूरजदास, मनीष पटेल, बृजभूषण, सरवन, गोपाल यादव, रामबाई सैनिक, सुखमत केंवट, रामप्यारी, यशोदा उइके, रेखा, डॉ अरूण यादव सहित अन्य सदस्य एवं मोहल्लेवासी उपस्थित थे।







### नगर विधायक अमर ने किया सम्मानित

भोजली महोत्सव समिति तोरवा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल शामिल हुए। इसके अलावा बिलासपुर विधायक रामकुमार यादव, विधायक चंदपुर अति विशिष्ट प्रवीण झा, मोती गंगवानी, सीनू राव, किरण सिंग बसत पटेल, विनोद जानी नेताम, संचालन करता महेंद्र ध्रुव, निर्णायक दल डॉ अलका यादव, ज्योति सक्सेना, मोना केवट प्रथम ईनाम पूर्णिमा ग्रुप तोरवा, द्वितीय लाडली ग्रुप गुरुनानक चौक, तृतीय अटल बिहारी यूनिवर्सिटी चतुर्थी शिव शक्ति गुरू अमेरी, ग्रुप पांचवा सुमन ग्रुप तोरवा, पटेल सखी ग्रुप महिला ग्रुप में चिंगराजपारा सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। भोजली महोत्सव समिति तोरवा के शंकर यादव, अध्यक्ष गंगेश्वर सिंग उईके, सुनील भोई, नंदकिशोर यादव, सचिव संजय सिंह ठाकुर, रामजी यादव, सहदेव केवट, सलाहकार प्रवीण तरुण, बृजभूषण सरवन, वीरेंद्र पटेल सुखमत केवट, रामप्यारी पटेल, संतोषी भोई, यशोदा उईके, रेखा दास मानिकपुरी, कुंवारी भोई, बनवासा यादव, संगीता यादव, लोक कलाकर हिलेंद्र सिंह के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।





मंगला क्षेत्र में भी भोजली पर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। अभिषेक विहार फेस 1, फेस 2, फेस 3 और अभिषेक नगर की महिलाएं, युवतियां और बच्चियां रंग-बिरंगे परिधानों में सजी-धजी शिव मंदिर परिसर में एकत्र हुईं।





पचरीघाट जूना बिलासपुर में भी भोजली का विसर्जन करने कई दलों की महिलाएं पहुंची। भोजली गीतों की भी गूंज होती रही। यहां कई दुकानें भी सजी रही। लोग भोजली पर्व के साथ खाने-पीने की चीजों का लुत्फ उठाते रहे।

## राखी है ईश्वरीय शक्ति संपन्न रक्षा सूत्र

- केंद्रीय मंत्री तोखन पहुंचे राजयोग भवन, किया मेडिटेशन

**बिलासपुर।** रक्षाबंधन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का आगमन हुआ। उन्हें सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी एवं बीके संतोषी दीदी ने रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बता राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

स्वाति दीदी ने कहा कि सुरक्षा अथवा रक्षा का सीधा संबंध मनुष्य के मनमस्तिष्क से है। आज का विश्व असुरक्षित एवं भय से ग्रसित है तथा मनुष्य तनाव ग्रस्त दुखी, अशांत जीवन जी रहा है। रक्षाबंधन पर्व केवल भाई-बहन के नाते से ही नहीं मनाया जाना चाहिए। यह तो ईश्वरीय शक्ति संपन्न रक्षा सूत्र है। इससे मानवीय संबंधों की गरिमा स्थापित होती है। जब सभी संबंधों की डोर परमात्म प्रेम एवं निःस्वार्थ भाव से जुड़ जाती है, तब स्वयं के साथ दूसरों की रक्षा स्वतः हो जाती है। रक्षाबंधन सभी त्योहारों में अनोखा है। भारत की संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों



को प्रत्यक्ष करने वाला भी है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज की सेवाओं से भी उन्हें अवगत कराया। केंद्रीय राज्य आवास एवं शहरी मंत्री ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा बिलासपुर में किए जाने वाली सेवाओं की प्रशंसा की। साथ ही नगर विधायक अमर अग्रवाल, जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन, बीजेपी जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, बीएनआई से डॉ किरण पाल सिंह चावला, डॉ ओम माखीजा, सुनील छाबड़ा, सचिन यादव प्रेसिडेंट ऑफ़ प्रयास ग्रुप ऑफ़ कंपनी, राजयोग सेवा केंद्र में सभी को रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराकर ईश्वरीय सौगात भेंट की गई।

## सही कर्म करने धर्म को जानना जरूरी

- आर्य समाज वसुंधरा विहार में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई के साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग में मुख्य यजमान सूरज वस्त्रकार और नंदलाल चावला का परिवार रहा। दोनों परिवार की बेटियों ने भजन-पूजनीय प्रभु हमारे भाव उज्जवल कीजिए.. प्रस्तुत किया। सूरज वस्त्रकर ने अपना जन्मदिन वैदिक रीति से मनाया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि धर्म को जानना चाहिए तभी हम सही कर्म कर सुख पा सकेंगे।

आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला और नंदलाल चावल ने सपरिवार आर्य समाज में अपने पिता स्व. गुरदास चावला की पुण्यतिथि पर स्मृति यज्ञ किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि धर्म की कोई पहचान या कोई चिह्न नहीं होता है। धर्म कर्तव्य का पालन है। पुत्र का कर्तव्य पिता की आज्ञा का पालन करना, पिता के सत्कर्मों का अनुकरण करना है। जो व्यक्ति जिस कार्य को करता



है उसे जिम्मेदारी समझ कर ईमानदारी से करें वह उसके लिए धर्म है। उन्होंने बताया कि सनातन परंपराओं को जानने का प्रकल्प दो दिवसीय लघु गुरुकुल शिविर शनिवार 30 और रविवार 31 अगस्त को आयोजित हो रहा है। इसमें संस्कृति, सभ्यता, इतिहास और धर्म का वैज्ञानिक ढंग से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। आचार्य ने बताया कि ज्ञान से कर्म बनता है। जब ज्ञान ही ठीक नहीं होगा तो कर्म अच्छे कैसे हो सकते हैं इसलिए हमें ज्ञान व बुद्धि को बढ़ाना चाहिए।



# अबीर गुलाल दुनिया भर में 29 अगस्त को होगी रिलीज

**मुंबई।** वाणी कपूर और पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यह फिल्म काफी पहले भारत में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हमले की वजह से इसकी रिलीज टल गई थी। यह फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। यह फिल्म अब 29 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी। हाल ही में दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' को पूरी दुनिया में रिलीज किया गया है। हालांकि, यह फिल्म भारत में नहीं रिलीज हुई है। 'अबीर गुलाल' के मेकर्स भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रहे हैं।

लाइफ Style

# श्रुति
## जिंदगी की करना चाहती हैं नई शुरुआत

इन दिनों श्रुति हासन साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर चर्चा हैं। इसी फिल्म की चर्चा के बीच श्रुति ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिंदगी की नई शुरुआत करने की बात की है। इस पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को कई तरह की सलाह दे डाली है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन, फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो। इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।' '



हॉलीवुड मसाला



# टॉम-जेंडाया ने बिताया क्वालिटी टाइम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम हॉलैंड और अभिनेत्री जेंडाया इन दिनों सिर्फ फिल्मों में नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी में भी सुर्खियों में हैं। जहां एक ओर दोनों मार्वल की अगली फिल्म स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं दूसरी ओर वो लंदन में सुकून के पल बिताते भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने साथ में वक्त बिताया और इंडियन मील को एन्जॉय करते हुए नजर आए। लंदन के गेराड्र्स क्रॉस इलाके में हाल ही में दोनों को एक पार्क में देखा गया। टॉम उस दौरान अपनी फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे' का एक अहम सीन शूट कर रहे थे।



# छोटे कद का 30 साल का आदमी था स्टंट डबल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता मैकाले कल्किन ने लंबे समय से चली आ रही उस अफवाह के बारे में बताया कि 'होम अलोन' में उनका स्टंट मैन बहुत छोटा था। 30 साल के लैरी निकोलस ने उनके स्टंट करते हुए बॉडी डबल का रोल किया था। मैकाले कल्किन ने कहा 'उसका नाम लैरी था और मैंने उसे पहली बार कपड़ों के अपार्टमेंट में देखा था। मैंने कपड़े बदले और बाहर निकला, तो वहां एक लड़का था लैरी, जिसने बिल्कुल मेरी तरह कपड़े पहने थे। मैंने उनसे कहा ओह लैरी कैसे हो? इस पर उसने जवाब दिया मैं अच्छा हूं। मैं लैरी हूं स्टंटमैन। उसने मेरी तरफ देखा और कहा तुम्हें क्या लगता है मेरी उम्र कितनी है? मैंने कहा- यह तो बहुत ही अजीब सवाल है। मैं नौ साल का था। तो मैंने सोचा वह 13 के होंगे'। मैं जब कहा कि क्या आपकी उम्र 13 है तो वह हंस पड़े।' एक बार शेल्फ के टूट जाने से लैरी गिर गए थे।



# मदरहुड जर्नी को एंज्वॉय कर रही हैं कियारा

**मुंबई।** कियारा आडवाणी का घर और जिंदगी इस वक्त खुशियों से भरी हुई है। 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बेटी के माता-पिता बने। बेटी के जन्म पर कियारा और सिद्धार्थ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था, 'हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी हुई।' हाल ही में कियारा ने अपनी मदरहुड जर्नी को लेकर भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। कियारा आडवाणी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैं तुम्हारे डायपर बदलती हूं, तुम मेरी दुनिया बदलो। यह एक फेयर ट्रेड है।' इस पोस्ट के जरिए कियारा अपनी मदरहुड जर्नी को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। इस मदरहुड जर्नी में पति सिद्धार्थ मल्होत्रा भी कियारा का साथ दे रहे हैं। कियारा आडवाणी इन दिनों ब्रेक पर हैं, वह बेटी की परवरिश में समय दे रही हैं।



# तलाक की अफवाहों के बीच चिल मूड में दिखे

**मुंबई।** हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन और दोनों की बेटी आराध्या बच्चन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। उनकी एक झलक पाने के लिए वहां फैंस की भीड़ लग गई। बच्चन परिवार के तीनों सदस्य जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकले तो पैपराजी ने उनकी तस्वीरें और वीडियो ली। सभी ने यात्रा करने वाले बेहतरीन ड्रेस पहने थे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने सामान खुद लेकर जा रहे थे। बाहर निकलने के बाद उनके सामान को उनके सुरक्षा गार्ड ने लिए। अभिषेक बच्चन ने एयरपोर्ट के स्टाफ से हाथ मिलाया और उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की। ऐश्वर्या ने अपना बैग खुद संभाला। एयरपोर्ट पर आराध्या बच्चन का अंदाज देखने वाला था। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए और उनका अभिवादन भी किया।

टीवी मसाला

# कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान हिना को किसी ने नहीं दिया काम

**नई दिल्ली।** हिना खान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। साथ ही फिल्मों में भी लीड रोल कर चुकी हैं। पिछले साल उन्हें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इसी बीमार से वह डटकर लड़ी और इलाज के बाद ठीक हो गईं। कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान भी हिना खान एक्टिव रहीं, लेकिन किसी सीरियल या फिल्म में नजर नहीं आईं। जबकि वह तो काम करना चाहती थी। अब हिना खान ने बताया कि किसी ने उन्हें पिछले एक साल में कोई काम ऑफर नहीं किया है। हिना खान कहती हैं, 'बीमारी का पता लगने, इलाज हो जाने के बाद 'पति पत्नी और पंगा' मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझसे सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो। लेकिन, मुझे लगता है कि शायद लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं। हो सकता है शो बनाने वाले ऐसा करें, मैं उनकी स्थिति भी समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, तो हजार बार सोचती।'हिना खान आगे कहती हैं, 'लेकिन मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने नहीं बुलाया। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, मुझे कॉल करें।' हाल ही में हिना खान अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ शो 'पति पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनी हैं। हिना और रॉकी के अलावा 'पति पत्नी और पंगा'में कई टीवी सेलिब्रिटी कपल भी शामिल हुए हैं।



## लाफ्टर शेफ के बाद पाकिस्तान ने भी बनाया कॉमेडी किचन शो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान लगभग हर चीज में भारत की कॉपी करने का पूरा ट्राई करता है। चाहे इंडियन प्रीमियर लीग की कॉपी पाकिस्तान प्रीमियर लीग हो या फिर टीवी शो ही क्यों ना हो. हाल ही में भारत के फेमस शो लाफ्टर शेफ के थीम को कॉपी करते हुए पाकिस्तान ने अपना कॉमेडी किचन शो बना लिया है। इसका प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं कि कहीं तो कॉपी करना छोड़ दो पाकिस्तान वालों। प्रोमो वीडियो को देखकर आप भी कहेंगे कि ये लाफ्टर शेफ की कॉपी की गई है। इसमें पाकिस्तानी सेलिब्रिटी यास्म गिल, अमर खान, मरियम खान, आरजू, मुस्तफा चौधरी और शेफ सादात नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में बताया गया है कि कश्मीर कॉमेडी किचन शो जल्द ही ग्रीन एंटरटेनमेंट पर टेलीकास्ट किया जाएगा। कलर्स का फेमस शो लाफ्टर शेफ के अब तक दो सीजन आ चुके हैं जिसमें पहले सीजन में अली गोनी और दूसरे सीजन में करण कुंद्रा विनर रहें।



# रिश्ते में संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए : फातिमा

**मुंबई।** फातिमा सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है। उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने कहा 'अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।' फातिमा सना शेख ने 'रहना है तेरे दिल में' के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया 'मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।' फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा 'वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया।' फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है।



# महावतार नरसिम्हा बनी 2025 की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर अश्विन कुमार की फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' हर दिन एक नया इतिहास रच रही है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई कर रही है। इस फिल्म ने कई बड़ी फिल्मों को कमाई के मामले में धूल चटा दी है। 'महावतार नरसिम्हा' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म का हिंदी वर्जन जमकर कलेक्शन कर रहा है। दर्शक फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं। ये फिल्म अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमा चुकी है। 'महावतार नरसिम्हा' का बजट 15 करोड़ हुए हैं। ये एक एनिमेटेड फिल्म है, जो दर्शकों का दिल जीत रही है। इस फिल्म ने कई बिग बजट और बिग स्टार्स की फिल्में जैसे सैयारा और सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से ज्यादा कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने 16वें दिन 19.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 145.15 करोड़ रुपए हो गया है।



महावतार नरसिम्हा' का कलेक्शन- डे 1- 1.75 करोड़ रुपए, डे 2- 4.6 करोड़ रुपए, डे 3- 9.5 करोड़ रुपए, डे 4- 6 करोड़ रुपए, डे 5- 7.7 करोड़ रुपए, डे 6- 7.7 करोड़ रुपए, डे 7- 7.5 करोड़ रुपए, डे 8- 7.7 करोड़ रुपए, डे 9- 15.4 करोड़ रुपए, डे 10- 23.1 करोड़ रुपए, डे 11- 7.35 करोड़ रुपए, डे 12- 8.5 करोड़ रुपए, डे 13- 6 करोड़ रुपए, डे 14- 5.35 करोड़ रुपए, डे 15- 7.5 करोड़ रुपए, डे 16- 19.50 करोड़ रुपए। टोटल कलेक्शन- 145.15 करोड़ रुपए। 'महावतार नरसिम्हा' 2025 में बॉलीवुड की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। फिलहाल, ये फिल्म विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 601.57 करोड़ रुपए, अहान पांडे-अनीत पड्डा अभिनीत 'सैयारा' 315.84 करोड़ रुपए, अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' 183.38 करोड़ रुपए, अजय देवगन स्टारर 'रेड 2' 173.44 करोड़ रुपए और आमिर खान स्टारर 'सितारे ज़मीन पर' 167.4 करोड़ रुपए से पीछे है।

## अनिल विश्वास ने न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा

# जब नशे में धुत थे मुकेश, कॉलर से घसीटकर स्टूडियो ले गया था डायरेक्टर

*__नई दिल्ली।__ मुकेश माथुर बॉलीवुड के सबसे नामचीन म्यूजिक डायरेक्टर में से एक थे। नील नितिन मुकेश के दादा मुकेश ने हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री को अतुलनीय योगदान दिया है। मुकेश माथुर को म्यूजिक इंडस्ट्री में लाने का श्रेय उनके दूर के रिश्तेदार को जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी बदलने का श्रेय म्यूजिक कंपोजर अनिल विश्वास को जाता है। अनिल विश्वास ही थे जिन्होंने मुकेश को न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि एक जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा और निखारा। ये किस्सा 1940 का है जब मोतिलाल मुकेश को फिल्म 'आसरा'के गाने की रिकॉर्डिंग के लिए नेशनल स्टूडियो ले कर गए थे। नए-नए मुकेश में प्रतिभा की तो कोई कमी नहीं थी, लेकिन उनके नए-नए हुनर को दिशा की जरूरत थी। मुकेश को एक ऐसे गुरू की जरूरत थी जो न सिर्फ उन्हें दिशा दे सके, बल्कि उनके हुनर को भी तराश सके।*



### पहली बार उम्मीद पर खरा नहीं उतरे

अब जब मुकेश अनिल विश्वास के पास पहुंचे तो वो उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए। बार-बार कोशिश के बाद अनिल ने वा गाना खुद ही गा लिया, ऐसे में निराश होकर मुकेश ने कह दिया कि अगर दिग्गज म्यूजिक कंपोजर खुद ही गाते रहेंगे, तो उनके जैसे नए टैलेंट को मौका कैसे मिलेगा और उनकी ये बात अनिल विश्वास के दिल में घर कर गई। अनिल ने ठान लिया कि अपनी दूसरी फिल्म में वो सिंगर को मौका जरूर देंगे।

### रिकॉर्डिंग के दिन गायब हो गए थे

पहले मौके के 5 साल बाद जब अनिल एक बार फिर फिल्म बना रहे थे, तो उन्होंने फिल्म 'पहली नजर'के लिए मुकेश को अप्रोच किया। डेट तय थी, स्टूडियो बुक था और गाने की रिकॉर्डिंग के दिन सिंगर मौके पर पहुंचे ही नहीं। वो एक बार में बैठकर शराब पी रहे थे। वो पूरी तरह से शराब के नशे में धुत थे, लेकिन अनिल विश्वास को जैसे ही ये बात पता चली वो खुद ही बार पहुंच गए।

### कंपोजर ने मुकेश को रसीद दिया था थप्पड़

म्यूजिक डायरेक्टर बार में सबके बीच से मुकेश को कॉलर से घसीटते हुए बाहर लेकर आए और उन्होंने सिंगर को एक झन्नाटेदार थप्पड़ रसीद दिया। उसके बाद उन्होंने मुकेश का सिर धुलाकर उन्हें स्ट्रॉन्ग काली कॉफी पिलाकर उनसे गाना रिकॉर्ड कराया और ये गाना ऐतिहासिक बन गया। मुकेश की आवाज में ये गीत हिंदी सिनेमा के बेहतरीन गानों में से एक है। अनिल के झापड़ से मुकेश की आंखें खुल गईं और उन्हें एहसास हुआ कि अगर उन्हें कुछ करना है, तो उन्हें खुद को शराब आदि से दूर रखना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम साव की तिरंगा यात्रा आज



**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में आज नगर एवं क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, दोपहर 12 बजे श्री साव रैली में शामिल होंगे एवं विधायक निवास से फव्वारा चौक तक 101 मीटर लम्बा तिरंगा लेकर पैदल यात्रा करेंगे। ग्राम डिंडौरी से बटहा तक बाइक रैली का आयोजन है, इस दौरान तिंरगा यात्रा का सम्मान होगा। रैली के लिए शहर को तिरंगे से सजाया गया है। मुंगेली चौक, फव्वारा चौक से लेकर अन्य स्थान में तिंरगामय दिख रहे हैं।

### आज किसान संघ सौंपेगा सीएम के नाम ज्ञापन

**मुंगेली।** इस वर्ष प्रदेश में व्याप्त खाद की किल्लत एवं बिजली कटौती के कारण खेती प्रभावित हो रही है। पूरे प्रदेश की समितियों में जहां खाद की कमी बनी हुई है, वहीं निजी दुकानों में यूरिया तथा डीएपी को मनमाने दाम पर बेचा जा रहा है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बिजली मिले, इसे लेकर भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से 11 अगस्त सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस कड़ी में भारतीय किसान संघ की ओर से जिले के सभी किसानों के साथ मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### विद्यालय में सायकल वितरण शामिल होंगे विधायक सुशांत



**सेमरताल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आज 11 अगस्त को दोपहर 2 बजे निशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा नवमीं की बालिकाओं को सायकल का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनीष कौशिक, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पान्डेय, सरपंच धनित्तर सूर्यवंशी मौजूद रहेंगे।

### सूर्यवंशी समाज का रामायण मानस का आयोजन

**मोपका।** स्थानीय अंबेडकर भवन में एक माह तक रामायण मानस का आयोजन किया गया। प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रामायण प्रेमियों में अपनी कला का प्रदर्शन कर रामायण का रसपान कराया। मानस मंडली सूर्यवंशी समाज मोपका सोनही की ओर से आयोजित रामायण का समापन रक्षाबंधन के दिन हुआ एवं दूसरे दिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर रामायण प्रेमियों एवं वादकों का वेशभूषा से सम्मान किया गया। इस अवसर पर वार्ड 47 के पार्षद मोहन श्रीवास कहा कि सूर्यवंशी समाज एकजुटता का परिचायक है, एवं इसमें कला भरी हुई है। समाज के पूर्व महासचिव संधर्व ने कहा कि, समाज के इन कलाकारों को मंच मिले तो आगे बढ़ सकता हैं।

## निधन

### रामफल यादव



**बिलासपुर।** ग्राम महमद निवासी रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी रामफल यादव का 7 अगस्त को निधन हो गया। वे राजकुमार और संतोष यादव के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।

### अमरनाथ यादव



**बिलासपुर।** तखतपुर बुटेना निवासी अमरनाथ यादव का निधन हो गया। वे 22 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 10 अगस्त को गृह ग्राम बुटेना मे किया गया। वे देवनाथ यादव के भाई थे।

### रामायण प्रसाद देवांगन



**बिलासपुर।** चांटीडीह रपटा चौक निवासी रामायण प्रसाद देवांगन का निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार 11 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास से चांटीडीह मुक्तिधाम के लिए निकलेगा। वे कृष्णा एवं पप्पू देवांगन के पिता थे। हनुमान देवांगन एवं गुड्डू देवांगन के चाचा थे।

## कोटा में आदिवासी सम्मेलन में जुटे कांग्रेस नेता

# आदिवासी अधिकारों के लिए एकजुट होकर लड़ें: बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के महासचिव भूपेश बघेल ने आदिवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2018 से 23 तक हमारी सरकार ने जन-जंगल-जमीन आदिवासी वनवासी के लिए समाज के हित में अनेक निर्णय लिए।पेशा कानून लागू हुआ।65 वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर किया। वर्तमान केन्द्र एवं भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सभी योजनाओं को बंद कर दिया। उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए समाज के नेताओं से अपील की कि अधिकारों के लिए एक होकर सरकार के खिलाफ लड़ने के लिए कमर कसना होगा। राहुल गांधी एवं कांग्रेस पूरी तरह से आपके साथ है।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने जन जंगल जमीन बचाने एवं छत्तीसगढ़ के खनिजों को बचाने के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आव्हान किया। गोड़वाना गणतंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम ने दादा हीरा सिंह मरकाम को याद करते हुए उनके संघर्ष को यादव करते हुए समाज से अपील की कि हम सबको एक होकर समान विचारधारा के राजनीतिक दलों के साथ मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। वनाधिकार पट्टा वनोपज कि सरकारी दर पर खरीदी जनजंगल जमीन पर आदिवासियों के वनवासियों एवं मूलनिवासियों के अधिकार की लड़ाई लड़ने हेतु उन्होंने भूपेश बघेल से भी सहयोग मांगा। कार्यक्रम का संचालन प्रभु जगत एवं राजू सिदार ने किया, समाज के प्रतिभावान सदस्यों का सम्मान भी किया, वहीं मुख्यअतिथि एवं अन्य अतिथियों का आदिवासी संस्कृति परम्परा के अनुसार स्वागत कर स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के साथ कांग्रेस कमेंटी के ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित सहित कोटा विधानसभा के जिलापंचायत सदस्य जनपद पंचायत सदस्य सरपंच संघ का भी योगदान रहा।

### अटल के निवास में मिले कांग्रेस नेताओं से



बिलासपुर में श्री बघेल ने सुबह 10 बजे विधायक अटल श्रीवास्तव के निवास पहुंचकर श्रीवास्तव परिवार से मुलाकात की फिर जिले के कांग्रेजजनों से मुलाकात की। इस दौरान विधायक मस्तुरी दिलीप लहरिया, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र सिंह, विधायक चांपा जांजगीर व्यास कश्यप, विधायक भाटापारा इन्द्रसाव, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, सियाराम कौशिक, शैलेष पाण्डेय बैजनाथ चंद्राकर, पूर्व सांसद इग्रीड मैकलाउड, पूर्व सलाहकार प्रदीप शर्मा, शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, कांग्रेस नेता शिवा मिश्रा, अर्जुन तिवारी, पूर्व महापौर रामशरण यादव,शेख नजरूद्दीन प्रमोद नायक, राजेन्द्र शुक्ला, शिल्पी तिवारी, सीमा पाण्डेय पिंकी बत्रा, सीमा घृतेश, अभयनारायण राय, महेश दुबे, राजेश शुक्ला जितेन्द्र पाण्डेय शिव बालक कौशिक, जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, राजेन्द्र साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजू यादव,अनस खोखर श,पंचराम सूर्यवंशी, समीर अहमद, देवेंद्र सिंह, धर्मेश शर्मा, नसीम खान, आशुतोष शर्मा, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप एवं समस्त पार्षद पूर्व पार्षद कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कोटा में नाका चौक से लेकर सभा स्थल तक आतिशी स्वागत



कोटा पहुंचने पर नाका चौक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेंटी के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आतिशी स्वागत किया, युवा कांग्रेस कोटा महिला कांग्रेस कोटा रतनपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेंटी शहर कांग्रेस कमेंटी कांग्रेस पार्षद दल कोटा रतनपुर में कुलवंत सिंह शीतल जायसवाल सुभाष जायसवाल आनंद जायसवाल अरूण त्रिवेदी प्रकाश जायसवाल वीणा मसिह देवेन्द्र कौशिक आदि ने स्वागत किया। आदिवासी सम्मेलन में पहुंचने पर आदिवासी समाज के पिंटू मरकाम प्रभु जगत राजू सिदार मनोहर ध्रुरव मनोज मरावी चिंताराम ध्रुरव आदि ने फूल माला पटाखे एवं आदिवासी परम्परा के अनुसार गमछा पगड़ी खुमरी पहनाकर पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मंच पर पूर्व मुंख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अटल श्रीवास्तव अतिविशिष्ट अतिथि गोड़वाना गणतंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम विशिष्टि अतिथि के रूप में विधायक दिलीप लहरिया विधायक व्यास कश्यप विधायक इन्द्रसाव तथा समाज के प्रमुख उपस्थित रहे।

## विधायक धर्मजीत ने आदिवासी बहनों से बंधवाई राखी



**सकरी।** आदिवासी लोग न केवल अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाए हुए हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आज हमें इस दिवस पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम आदिवासी समाज के अधिकारों का सम्मान करेंगे, उनकी परंपराओं को सहेजेंगे और उनके विकास में योगदान देंगे। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने ग्राम पंचायत खजूरी में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के दौरान कही। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं खजुरी सरपंच राधा अविनाश वर्मा, उपसरपंच सुनील जगत, पंचगण तनुजा कोसले, घनश्याम छेदाम, शंकर मरकाम, वंदना ध्रुव, घासी छेदाम, राजिम देवी, सरस्वती छेदाम, सुनीता यादव, सीता मरकाम, मुरीत मरावी, सोनम खुसरो, सचिव अक्षय श्रीवास ने गुड़ी में छत निर्माण लिए 2 लाख, स्कूल में बाउंड्रीवाल के लिए 10 लाख एवं राशन दुकान निर्माण के लिए 10 लाख की मांग रखी। इस पर विधायक ने मंच से ही तीनों कार्यों की स्वीकृति की घोषणा की। ग्राम पंचायत खजूरी में विश्व आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व मनाया गया, जिसमें खजुरी गांव के सभी माता बहनों ने विधायक धर्मजीत सिंह को राखी बांध कर उनकी दीर्घायु की कामना की एवं विधायक ने सभी बहनों को उपहार भेंट किया। पूर्व जिपं सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि इस पवित्र दिवस पर आप लोगों का विधायक धर्मजीत सिंह के साथ एक पवित्र रिश्ता बन गया है। अब यह आपके लिए विधायक और आप इनकी जनता नहीं बल्कि भाई-बहन का संबंध बन गया है, जो दुनिया में सबसे मजबूत और पवित्र रिश्ता माना जाता है। कार्यक्रम को जिपं सभापति अंबिका विनोद साहू, जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, विशाल विक्की सिंह, जपं सदस्य द्वय कविता महेश यादव, रामकुमार सिंगरौल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष बंशी पाड़े, मंडल अध्यक्ष द्वय रामकुमार निर्मलकर, रवि मेहर, मनोज साहू, सरपंच गण श्यामता कौशिक सकर्रा, सहोरिक खैरवार उड़ेला, टिकेश साहू कोड़ापूरी, पार्षद प्रतिनिधि राजेश टंडन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर निलेश सिंह, डॉ प्रवीण तिवारी, शानूल खान, राहुल श्रीवास, संतोष नारायण, श्रवण मरकाम, देवनाथ छेदाम, तितरा मरकाम, मुखीराम मरावी, अवधराम ध्रुव, सुखराम मरकाम, बिहारी छेदाम, भागवत मरावी, शिव ध्रुव, रमेश नेताम, जुड़ावन छेदाम, मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के पदाधिकारी, महिलाए एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आदिवासियों की अलग पहचान : लहरिया



**सीपत।** सीपत क्षेत्र के ग्राम लुतरा शरीफ और कैमाडीह में विश्व आदिवासी दिवस पर उमड़ा जनसैलाब एकता और संस्कृति का अनुपम उदाहरण बन गया। सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक परिधानों में विशाल रैली निकालते हुए अपने इष्ट देव के जयघोष के साथ आगे बढ़े और विश्व को शांति व एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने इष्ट देव की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न विभागों में पदस्थ शासकीय कर्मचारियों का सम्मान किया गया। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ के आदिवासी भाइयों ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। जल, जंगल और जमीन इनकी धरोहर है, जो सदैव इनके सानिध्य में फलती-फूलती है। बिरसा मुंडा के विचार और आदर्श हमें एकता, भाईचारा और सामंजस्य का संदेश देते हैं। अगर हम सब मिलकर संगठित रहेंगे और साथ चलेंगे, तो देश और समाज का नाम पूरी दुनिया में गूंजेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करें, शिक्षा में आगे बढ़ें और समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना होगा और युवाओं को नशे से दूर रखना होगा। नशा व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को पतन की ओर ले जाता है। हमें आने वाली पीढ़ी को इससे बचाना होगा और आदर्श समाज की मिसाल पेश करनी होगी। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने युवाओं को नशे से दूर रहते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने और देश-प्रदेश के विकास में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर किसान नेता प्रमोद जायसवाल, त्रिभुवन सिंह पोर्ते, रामसनेही कमल, प्रहलाद सिंह सिरोटिया, एस. मरकाम, देवेश शर्मा, जनपद सदस्य चंद्रमणि मरावी, सरपंच लूथरा, भागीरथी पोरते, पूर्व जनपद सदस्य सोंठी गया प्रसाद, राज सचिव अखिल गोंडवाना समाज केंद्र जेवरा, नारायण सिंह, ढोलाराम कैवर्त, शेर मोहम्मद, उस्मान खान, कार्तिक सिंह मेरावी, शत्रुघ्न सिंह मेरावी सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान सिंह सरुता और भुवनेश्वर सिंह मरावी ने किया।

### आदिवासी दिवस पर निकाली गई शोभायात्रा



**दगोरी।** आदिवासी समाज ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शोभायात्रा निकाली, जिसमें शामिल होकर समाज के बच्चे, बुजुर्ग, युवाओं व महिलाओं ने शांति व भाईचारे का संदेश दिया। बाजार चौक सामाजिक धर्मशाला में बूढ़ा देव की पूजा आराधना पश्चात ग्राम के बाजार चौक, इंदिरा कॉलोनी, गौरा चौक, बजरंग चौक, बरपारा, भवानी चौक आदि जगहों पर रैली का स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा में रायपंच रामकुमार ध्रुव, उप सरपंच संतराम ध्रुव, होरीलाल ध्रुव, धनसाय ध्रुव, जागुराम ध्रुव, घुरूवा राम ध्रुव, कौशल ध्रुव, सनत ध्रुव, शंकर लाल, छेदी राम, फिरतू राम, बाजारू ध्रुव, मुंगेसिया बाई, शारदा ध्रुव, महेश्वरी ध्रुव, सावित्री बाई, नंदकुवर, अंजनी, शीतला, दुर्गा, प्रीति, सविता, कविता ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# भोजली विसर्जन के लिए निकली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



नगर में पारंपरिक भोजली पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शाम को महिलाएं एवं बालिकाएं रंग-बिरंगे वस्त्रों में सज-धजकर हाथों में भोजली की टोकरियां लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं।

भोजली, जो सावन के प्रारंभ में गेहूं या जौ के अंकुर बोकर भगवान इन्द्र एवं माता पार्वती को समर्पित की जाती है। इस दौरान नगर के विभिन्न वार्डों से शोभायात्राएं निकलीं एवं पारंपरिक गीतों और नृत्य के साथ मुख्य मार्गों से होती हुई मनियारी नदी के किनारे पहुंचीं, जहां विधि-विधान से भोजली विसर्जन किया गया। नगरपालिका पूर्व उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह ने कहा कि भोजली का यह पर्व हमारी सनातन संस्कृति का हिस्सा है, आज के दिन प्राचीन काल में मित्र बनाने की परंपरा थी। इस दिन भोजली देकर मित्र बनाया जाता था, जिसे पूरी जिंदगी निभाते थे। उन्होंने इस परंपरा के संरक्षण और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया। शोभायात्रा के लिए निकली महिलाओं और बच्चों को मुस्लिम समाज के नजरूद्दीन जिंदरान, जुनेद जिंदरान के द्वारा पानी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह, रमेश प्रधान, सुरेश प्रधान, सुरेंद्र प्रधान, जनक राम मार्को, माखन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। भोजली माता को दी गई भावपूर्ण विदाई।



### भोजली उत्सव में शामिल हुई महिलाएं

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोक पर्व भोजली जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। आगर नदी पुल घाट पर कल देर शाम तक भोजली विर्सजन होते रहा। बाजे-गाजे के साथ भोजली विसर्जन जुलूस को नगर भ्रमण कराने के बाद पुल घाट पर भोजली का विर्सजन किया गया। मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर से बच्चे, युवतियां एवं महिलाएं सिर पर भोजली लेकर निकलीं। भोजली यात्रा मेन रोड पुराना बस स्टैण्ड होते हुए आगर नदी पुल घाट पहुचा एवं पुल घाट में पूजा-अर्चना कर भोजली विसर्जन किया गया।

### मंझली तालाब में भोजली विसर्जन



**पथरिया।** नगर सहित क्षेत्र में रविवार की शाम भक्तिपूर्ण माहौल में नगर के मझली तालाब एंव नदियों में भोजली का विसर्जन किया गया। भोजली उत्सव को लेकर सेवा गीत व भजन मंडली वाले जस गीत गाने में जुटे रहे। आयोजन कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा के दौरान नगर एंव ग्रामीण क्षेत्र के चौक-चौराहे पर आतिशबाजी की। भोजली पर्व को लेकर नगर के गलियों में चहल-पहल बनी रही एवं लोग सिर पर भोजली रखकर गांव में गाजे-बाजे के साथ थिरकते दिखे। वहीं भोजली विसर्जन के दौरान बच्चों ने भोजली वितरित किया। गांव के बुजुर्गों की माने तो, घरों में भोजली बोने से अच्छी फसल की प्राप्ति व ग्राम देवी-देवता व कुल देवी देवता का आशीर्वाद मिलता है।

### महिला व बच्चों ने किया भोजली विसर्जन



सीपत। क्ति, आस्था और पारंपरिक लोकगीतों से गूंजते माहौल में रविवार को गौटियाबाड़ा, सुखरीपारा, बाजार चौक मातेश्वरी मंदिर और नवाडीह की महिलाओं ने भोजली माई का विसर्जन किया। सुबह से ही महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में सजी-धजी, सिर पर भोजली थामे समूह में निकलीं। गौटियाबाड़ा और सुखरीपारा आनंद चौक की महिलाओं ने सामूहिक कीर्तन-भजन का आयोजन करते हुए भोजली का विसर्जन किया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान भजनों की मधुर धुन और ढोल-मांदर की थाप से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विसर्जन के समय जय भोजली माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा न केवल आस्था का प्रतीक है।

### भोजली विसर्जन के लिए निकली महिलाएं



**बेलतरा।** भोजली त्यौहार छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण पर्व है जो मित्रता और अच्छी फसल की कामना का प्रतीक है। इस त्यौहार में गेहूं या जौ के पौधों को टोकरी में उगाया जाता है, और फिर उनकी पूजा की जाती है। भादो मास के प्रथम दिवस इसे महिलाएं सज-धज कर तालाब विसर्जन के लिए गाजियाबाद के साथ ले जाती हैं, और देवालय में पूजा-अर्चना के पश्चात तालाब में विसर्जन की जाती है। भोजली त्यौहार की मुख्य विशेषता है कि यह छत्तीसगढ़ में मित्रता दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को भोजली भेंट कर दोस्ती का बंधन बांधते हैं। ऐसा खास कर ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिलता है। साथ ही भोजली त्यौहार अच्छी फसल की कामना का भी प्रतीक माना गया है।

### गांव भृमण कर किया गया भोजली का विसर्जन



**भर्रीडांड़।** मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रीडांड़ में रविवार को गांव की महिलाएं एवं छोटी बच्चियां सिर में भोजली रख कर पूरे गांव का भ्रमण कर नाचते-गाते बरहो माता मंदिर माई दुर्पदा के आंगन में पहुंचे। इसके पश्चात मन्दिर प्रांगण में विराजित सभी देवी देवताओं का विधिवत पूजन कर रामसागर तलाब में विसर्जन किया गया। ग्रामीण कातिक लाल केवट, ऊपलाल केवट, मंगल सिंह कंवर, शत्रुघन प्रसाद राय, प्रभात कुमार राय, सरपंच सुमन सिंह वाकड़े पंडित देवनारायण दुबे ने बताया कि, श्रावण मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी अष्टमी तिथि को भोजली बोई जाती है, और प्रत्येक दिन रात के समय भजन-कीर्तन रामायण व देवी गीत का आयोजन होता है।

### भोजली उत्सव में उमड़े लोग



**लोरमी।** नगर एवं ग्राम खपरीकला क्षेत्र में भोजली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से भोजली विसर्जन किया गया। रामधन की अगवाई में महिलाएं सिर पर भोजली रखकर अपने घरों से निकलीं एवं एकत्रित होकर एक साथ आगर नदी में भोजली विसर्जन किया। इस दौरान गांव में मितान बनाने की परम्परा भी निभाई गई। इस अवसर पर छेदीलाल कुंभकार, मोतीराम साहू, गोपी राम यादव, शिव निषाद, कन्हैया निषाद, खुलवा यादव, सिराती सोनकर, बिहारी कुंभकार, लव कुमार सोनी, नीकू राम साहू, शिकू राम साहू, शाखा निषाद आदि उपस्थित रहे।

### भोजली की जनप्रतिनिधि ने की पूजा



**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम पंचायत धनगांव में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार के नेतृत्व में पारंपरिक भोजली विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी माता-बहन अपने-अपने घर से भोजली लेकर गांव के शिव मंदिर में एकत्र हुईं एवं पूजा-अर्चना करने के बाद भजन कीर्तन करते हुए शोभायात्र निकालकर पूरा गांव भ्रमण किया। गांव के सरपंच लप्पू पात्रे, उपसरपंच रघुराज सिंह, ऋतुराज सिंह, वीरू, पुष्पेन्द्र, आशीष सिंह सोनकर, स्कूल टीचर आकाश सिंह, गोपी, श्वेता, कपूर, अर्चना, संगीत, भावना शर्मा एवं गांव के वरिष्ठ लोग शामिल होकर शोभायात्र को सफल बनाया। गांवों में इस त्यौहार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तुरी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.- ......../अ-2/2024-25
मौजा - सुकुलकारी
तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.
संजीव कुमार खरे पिता लीलाराम खरे निवासी सुकुलकारी, तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर छ.ग............ आवेदक / आवेदिका
विरुद्ध
छ.ग. शासन..................अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम सुकुलकारी, प.ह.नं. 10, तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि- आवेदक/आवेदिका संजीव कुमार खरे पिता लीलाराम खरे, निवासी सुकुलकारी, तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर, छ.ग. ने उपस्थित होकर मौजा सुकुलकारी, प.ह.नं. 10, तहसील पचपेड़ी, जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 64, कुल रकबा रकबा 0.4130 हे. में से 0.50 एकड़ भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 14 08.2025 के लिये नियत है।

अतः तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.07.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तुरी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.- ........../अ-2/2024-25
मौजा - सेमराडीह,
तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.
पुरनलाल पिता सधवा निवासी सेमराडीह, तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर छ.ग.
.........आवेदक/आवेदिका
विरूद्ध
छ.ग.शासन ....................अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम सेमराडीह, प.ह.नं. 11, तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका पुरनलाल पिता सधवा, निवासी सेमराडीह, तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर, छ.ग. ने उपस्थित होकर मौजा सेमराडीह, प.ह.नं. 11, तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 187/7, कुल रकबा 0.6720 हे. में से 0.50 एकड़ भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 14.08.2025 के लिये नियत है।

अतः तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### प्रबंधन की मनमानी प्रसाधन में लगाया ताला

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में प्रबंधन की लापरवाही चरम पर है, नजदीक बने सुलभ शौचालय में परिजन की आवाजाही होती रही है, इससे उन्हें बेहतर सुविधा मिल रही थी, लेकिन प्रबंधन ने इसके प्रवेश पर ही ताला जड़ दिया है। इसका नतीजा भी देखने को मिला। रविवार को लिफ्ट में पेशाब करने के कारण लोगों को आने जाने में काफी असुविधा होती रही, खास बात यह है कि इस दौरान परिजनों के लिए खाना भी यहीं से ले जाया गया। इसकी जानकारी कर्मचारियों को होने के बाद भी घंटों तक बदबू में मरीज और परिजनों को रहना पड़ा।

### पास्टर सहित चार गिरफ्तार, मकान सील

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराने वाले पास्टर सहित चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके मकान को सील कर दिया गया है।सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, रविवार को वार्ड क्रमांक 10 प्रगति विहार में एक सामुदाय के लोग प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को एकत्रित कर प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराया जा रहा था। सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के लोग सिरगिट्टी पुलिस को लेकर उक्त मकान में गए। जहां लोगों की भीड़ लगी हुई थी। हिंदू संगठन के लोगों ने धर्मपरिवर्तन का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया गया। पुलिस ने प्रगति विहार निवासी सागर सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 353, 1 सी के तहत पास्टर पवन श्रीवास, पास्टर संगीता श्रीवास, एनी रोज, मकेश हथठेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं बिना अनुमति के निवास स्थान को सभा भवन बनाने पर कार्यपालक अधिकारी के द्वारा मकान को सील कर दिया गया है।

### शराब के नशे में यात्रियों से की गाली-गलौज



**बिलासपुर।** एटीवीएम में टिकिट की खरीदी करने के लिए अनारक्षित काउंटर पहुंचे यात्रियों से कर्मचारी ने शराब के नशे मे गाली-गलौज की। शिकायत पर आरपीएफ ने एटीवीएम कर्मचारी के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मामला कायम कर लिया है। रक्षाबंधन पर्व और दूसरे दिन अपने-अपने घर वापस जाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री रेलवे स्टेशन बिलासपुर के अनारक्षित कार्यालय पहुंचे थे। यहां काउंटर में भीड़ अधिक होने के साथ आटोमैटिक टिकिट वेंडिंग मशीन भी कतार लगी हुई थी। आटोमैटिक टिकिट मशीन में टिकिट की खरीदी करने वाले यात्रियों ने अचानक गाली-गलौज करना शुरु कर दिया। इसका मौके पर मौजूद यात्रियों ने विरोध भी किया, जिसके बाद उसने यात्रियों को टिकिट देना बंद कर दिया। इस दौरान मौके पर आरपीएफ के स्टाफ भी मौजूद थे। एटीवीएम कर्मचारी वायरलेस कालोनी निवासी लोकेश कुमार पिता स्व. राजेन्द्र कुमार 34 वर्ष शराब के नशे में था। यात्रियों से विवाद करने और शिकायत करने के बाद आरपीएफ ने एटीवीएम कर्मचारी के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 145 के तहत कार्रवाई की है।

---

गांधी चौक से दयालबंद, जूना बिलासपुर, तारबाहर चौक तक की सड़कों पर कब्जा, राजेंद्र नगर में चलने की जगह नहीं

# कब्जा हटा तो चौड़ी होंगी ये सड़कें, शहर को मिलेंगे नए बाइपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की कई सड़कें ऐसी हैं जो नक्शे और मास्टर प्लान में 70 फिट से अधिक हैं। कब्जे और अतिक्रमण के कारण सड़कें सिकुड़ कर आधी रह गई हैं। गांधी चौक से दयालबंद, गांधी चौक से जूना बिलासपुर, गांधी चौक से तारबहार चौक तक की सड़कें इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसके साथ ही साइंस कालेज से बसंत विहार, राजकिशोर नगर चौक से मोपका चौक, महामाया चौक से नूतन चौक तक की सड़कें कब्जे की भेंट चढ़ गई हैं। सत्यम चौक से अग्रसेन चौक, मंगला चौक से कलेक्टोरेट तक भी यही हाल है। निगम बीच बीच में कार्रवाई भी करता है लेकिन दुकानदार और कब्जेधारी मानने को तैयार ही नहीं है। इसी कारण ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इसके साथ ही सिम्स के पीछ से शनिचरी बाजार वाली सड़क, राजेंद्र नगर चौक से बृहस्पति बाजार वाली सड़क से भी कब्जा हटाया गया तो शहरवासियों को नई बाइपास सड़कें मिल सकती हैं। फिलहाल दोनों जगहों पर रोजाना कई बार जाम लगता है।

- **सत्यम चौक से अग्रसेन चौक, मंगला चौक से कलेक्टोरेट तक भी यही हाल, निगम की कार्रवाई का भी असर नहीं**

शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की कोशिशें नाकाम साबित हो रही हैं। अधिकांश सड़कों पर दोनों तरफ कब्जा है। अधिकांश फुटपाथों पर अतिक्रमण कर लिया गया है। यह एक ऐसी समस्या है, जो वर्षों से चली आ रही है और अभी तक इसका कोई उपयुक्त समाधान नहीं खोजा जा सका है। दुकानदारों का सामान दुकानों में कम सड़क पर अधिक रखा जाता है। सड़क पर कच्चे निर्माण कर लिए गए हैं तो शेड बना लिए गए हैं। बाजार में भीड़ होने के कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं, लेकिन दुकानदार अपनी आदत से मजबूर बने हुए हैं। शहर में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जहां पर कब्जा न हो। सड़कों पर सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा है।



राजेंद्र नगर चौक से बृहस्पति बाजार जाने वाली संकरी सड़क।

### शिफ्ट की जाएंगी शनिचरी की लकड़ी टाल



शनिचरी बाजार में लगने वाले लकड़ी टाल को जल्द ही हटाया जाएगा। इसे हटार बिरकोना रोड में या चांटीडीह में खाली कराई गई जमीन पर शिफ्ट किया जा सकता है। हालांकि इसका विरोध भी व्यापारी कर रहे हैं। निगम के रुख को लेकिन देखते हुए सख्ती बरतने की बात भी कही जा रही है। निगम अधिकारियों के मुताबिक शनिचरी बाजार में रोज हो रहे जाम को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। गौरतलब है कि फिलहाल शनिचरी स्थित लकड़ी टाल में 25 के करीब व्यापारी है। यह व्यापारी सड़क पर ही बड़ी गाड़ियों को खड़ी करते हुए सामान की लोडिंग और अनलोडिंग करते हैं। इस वजह से सड़क पर अव्यवस्था फैलती थी और यातायात लगातार बाधित होता है। निगम के मुताबिक लकड़ी टाल को शिफ्ट करने के बाद सड़क को चौड़ा किया जाएगा।

### अतिक्रमण हटाने पर जमकर बवाल



इधर, शहर की सड़कों पर दुकान संचालकों और ठेले वालों का कब्जा रहता है। इसके चलते सड़कें सकरी हो गई हैं। इससे ट्रैफिक भी बाधित होता है। लगातार शिकायत के बाद नगर निगम के अतिक्रमण शाखा और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई गांधी चौक से शुरू हुई, जो जगमल चौक और तोरवा चौक तक चली। इस दौरान लगभग सभी जगहों पर जमकर विवाद हुआ। इसके बाद निगम ने पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा, शनिचरी समेत अन्य जगहों में जाकर ट्रैफिक बाधित करने वाले ठेले को जब्त किया। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### राजेंद्र नगर वाली सड़क बनी तो ट्रैफिक होगा स्मूथ

देवकीनंदन चौक से राजेन्द्र नगर चौक तक की सड़क से कब्जा हटाकर चौड़ा किया जाता है तो इससे शहरवासियों को एक नई बाइपास सड़क मिल सकेगी। इससे नेहरू चौक वाली मुख्य सड़क पर दबाव काफी कम हो सकेगा। फिलहाल देखा जाए तो इस सड़क पर दोनों तरफ कब्जा है। खास तौर पर बृहस्पति बाजार के पास से तो गुजरना मुश्किल रहता है। ठेले वालों को दुकान लगाने की अलग जगह देने के बावजूद सड़क में ही व्यापार करते हैं। इसी तरह बृहस्पति बाजार व राजेंद्र नगर चौक के बीच सड़क पर दोनों ओर गाड़ियां खड़े कर दी जाती हैं, जिससे चार पहिया वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। यहां सुबह से शाम तक ट्रैफिक जाम होता है।

### सिम्स चौक से गांधी चौक तक लगातार जाम

शहर की संकरी सड़कों और तंग गिलियों के कारण लगातार लोग परेशान हो रहे हैं। सिम्स चौक से गांधी चौक की दूरी करीब 3 किलो मीटर है। यहां से दिनभर में 5 लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। दिन में इस सड़क पर लगातार जाम की स्थिति रहती है। 3 किलो मीटर की दूरी तय करने में कार चालकों को एक घंटा लग रहा है। त्यौहारी सीजन में खासकर शहर की सड़कों पर सिर्फ पैदल चला जा सकता है। संभाग के सबसे बड़े बाजार यहां होने के कारण बड़े व्यापारी खरीरदारी करने शहर आते हैं। साथ ही त्यौहार में खरीदारी करने और फुटपाथ पर छोटी दुकानें लगाने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क पर जाम लगता है और लोग कई घंटों तक फंसे रहते हैं।

### सुधारने का प्रयास जारी

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में लगातार प्रयास जारी है। सड़कों पर किए गए अवैध कब्जे और अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। नई बाइपास सड़कों पर भी काम हो रहा है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

# चाकूबाजों का आतंक : कोतवाली क्षेत्र में हत्या के बाद कोनी में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चाकूबाजी की वारदात से फिर पूरा शहर थर्राने लगा है। एक दिन पहले कोतवाली में हत्या के बाद दूसरे दिन रात में कोनी क्षेत्र में बीच चौराहे पर एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया है। गंभीर अवस्था में युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



घायल।

- **तीन नाबालिग गिरफ्तार**

कोनी पुलिस के अनुसार, सेमरताल विवेकानंद चौक निवासी हर्ष यादव पिता चमरू यादव 9 अगस्त की रात 11.30 बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान जलसो निवासी आनंद वर्मा, साहिल वर्मा व अन्य लोग आए और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए उनसे मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक लड़के ने हत्या करने की नीयत से चाकू से उनके पेट व सीने पर जान लेवा हमला कर दिया। आवाज सुनकर उनका भाई परदेशी यादव घर से बाहर निकला तो हमलावर भाग गए। चाकूबाजी की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। परिजन ने द्वारा उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस सिम्स पहुंचकर घायल हर्ष यादव का बयान दर्ज कर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज किया गया। पुलिस ने देर रात क्षेत्र में दबिश देकर हमलावर 3 नाबालिग सहित 9 लोगों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।



### अवैध शराब बिक्री को लेकर विवाद की चर्चा

सूत्रों के मुताबिक ग्राम जलसो व सेमरताल में घर घर अवैध शराब बेची जाती है। दोनों गांवों में अवैध शराब बेचने को लेकर प्रतिस्पर्धा चलती है। बताया जा रहा है अवैध शराब बेचने को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर जलसों के लोगों ने हर्ष यादव पर चाकू से जान लेवा हमला किया है। लगातार अवैध शराब बेचने की शिकायत के बाद भी कोनी पुलिस के द्वारा कोचियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### एक दिन पहले चाकू से युवक की हत्या

8 अगस्त को कोतवाली थाने के करीब श्याम टाकीज ज्वालीनाला के पास मोबाइल के विवाद में पचरीघाट निवासी दीपक उर्फ दादू साहू के साथ गणेश रजक ने मारपीट करने हुए सीने में चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। इसी तरह कोनी क्षेत्र में बिरकोना आवासपारा निवासी निगमकर्मी राजा सूर्यवंशी व सरकण्डा क्षेत्र के मोपका में परसाही निवासी राजू केंवट पर चाकू से हमला किया गया था।

### पकड़े गए आरोपी

- राजीव वर्मा पिता संजय वर्मा 23 साल जलसों
- साहिल वर्मा पिता मूलचंद वर्मा 19 साल जलसों
- लक्ष्मी प्रसाद केंवट पिता रमेश केंवट 19 साल जलसों
- आनंद वर्मा पिता स्व. शिव प्रसाद वर्मा 35 साल जलसों
- राजा वर्मा पिता भागवत वर्मा 25 साल बिरकोना
- राजेंद्र वर्मा पिता झड़ी वर्मा 23 साल बिरकोना
- तीन नाबालिग

### देवरीखुर्द में कई लोगों पर चापड़ से हमला

तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द विजय नगर गली नम्बर 7 निवासी सिब्बू गुप्ता पिता गज्जू गुप्ता कपड़ा दुकान चलाते हैं। 9 अगस्त की रात खाना खाकर सो गए थे। उसी दौरान अटल आवास निवासी निलेश सोनकर, विक्कू, भुरू, व अन्य लोग उनके घर का दरवाजा खटखटाया खोलने से सभी लोगों ने गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का,लोहे के राड से मारपीट कर चापड़ से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह गिर गए।पड़ोसी बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। जिससे अजय साहू, सिमरन, बिट्टू, प्रसूति, लक्ष्मी प्रसाद को गंभीर चोट आई है। बिट्टू साहू,के मोबाइल को पटककर तोड़ दिया गया। अजय साहू के गले सोने की चेन लूट ली गई है। पुलिस ने सिब्बू गुप्ता की रिपोर्ट पर हमलावर निलेश सोनकर, विक्कू, भुरू एवं अन्य लोग के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

---

# दुकान मे लगी भीषण आग एसी का सिलेण्डर फटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





बैग दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। गोदाम में बैग भरे होने से आग की लपटी खिड़की से बाहर आने लगी। वहीं एसी का सिलेण्डर फटने से हड़कंप मच गया। दो दमकल के पानी से एक घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया है। आगजनी में लाखों का सामान जलने अनुमान लगाया जा रहा है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तालापारा तैबा चौक में बैग की दुकान है। उसके बाद दूसरी मंजिल में गोदाम है। बताया जाता है एक दिन पहले उनके दुकान में बैग का स्टाक आया था और उसे गोदाम में रखा गया था। रविवार की दोपहर करीब 1 बजे गोदाम की खिड़की से धूंआ निकलने लगा। धुंआ देखकर लोगों ने दुकान संचालक को आग लगने की जानकारी दी। दुकान संचालक गोदाम में जाकर देखे तो आग लगी हुई थी। देखते ही देखते आग भीषण रूप ले लिया और खिड़की से आग की लपटें बाहर निकलने लगीं। इसी दौरान गोदाम में लगे एसी का सिलेण्डर फट गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुकान के आससपास से लोग भागने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए। एक घण्टा अथक प्रयास करने के बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।आगजनी में लाखों का सामान जल जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।



---

### 2896.53 करोड़ में किया गया रेलखंड का निर्माण

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल लाइन के विकास को नई रफ्तार मिली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 200 किलोमीटर से अधिक रेल नेटवर्क विस्तार, यात्री सुविधाओं और क्षेत्रीय विकास को नई उड़ान मिली है। रेलवे नेटवर्क विस्तार और संरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस वर्ष 200.15 किलोमीटर रेल खंड का निर्माण, कमीशनिंग कार्य पूरा हुआ, जिसकी लागत 2896.53 करोड़ थी।







# गांजा तस्करी करते पकड़ी गई महिला

**बिलासपुर।** जीआरपी ने मुखबिर की सूचना पर रक्षाबंधन पर्व के दिन गांजा की तस्करी करते हुए एक महिला को पकड़ा है, जिसके पास से 12 किलो से अधिक गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



शनिवार को बिलासपुर रेलवे स्टेंशन के प्लेटफार्म नम्बर 7-8 पर लोकल ट्रेनों में सफर करने वालों की काफी भीड़ थी, जिसमें महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी। सुबह भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ और जीआरपी की टीम ड्यूटी कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटफार्म पर एक संदिग्ध महिला बैठी हुई है, जिसके पास गांजा होने की संभावना है। सूचना पर जीआरपी के थाना प्रभारी डीएन श्रीवास्तव, सहायक उपनिरीक्षक विश्वनाथ चक्रवर्ती, महिला स्टाफ मौके पर पहुंचे। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर महिला से पूछताछ और उसके पास रखे सूटकेस की जांच की। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह अनूपपुर तक जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही है। सूटकेस की जांच में 6 पैकेट में करीब 12 किलोग्राम गांजा निकला, जिसकी कीमत 2 लाख 40 हजार रुपए है। महिला कदमपुर मोहल्ला अनूपपुर मध्यप्रदेश निवासी अरूणवती गोस्वामी पति संतोष गोस्वामी 45 साल ने जीआरपी को बताया कि वह एक अन्य व्यक्ति ओमप्रकाश के साथ मौलीगुड़ा ओडिशा से गांजा लेकर अनूपपुर जा रही थी। वह केवल रोजी मजदूरी का काम करती है। गांजा ओमप्रकाश का है, जिसे वह स्टेशन में आकर लेने वाला था। जब उसके पास पुलिस पहुंची तो देखकर फरार हो गया। जीआरपी महिला के बताए हुलिए के अनुसार दूसरे आरोपी ओमप्रकाश की तलाश रात तक करती रही। दूसरे दिन अधिकारियों के आदेश पर महिला के पास रखा गांजा जब्त कर 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।






